

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -16 जबलपुर, गुरुवार 13 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## सिख विरोधी दंगा- एक और केस में सज्जन कुमार दोषी

### 18 फरवरी को सजा; 41 साल पहले दिल्ली में सिख बाप-बेटे की हत्या हुई थी

नई दिल्ली-(आरएनएस)। सज्जन कुमार वर्तमान में दिल्ली कैंट में एक अन्य सिख विरोधी दंगा मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। मामला 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान यहां सरस्वती विहार इलाके में दो व्यक्तियों की हत्या से संबंधित है। अदालत ने एक नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित मामले में अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया। यह मामला 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़ा है। मामले को सजा पर बहस के लिए 18 फरवरी को सूचीबद्ध किया गया है। सज्जन कुमार वर्तमान में दिल्ली कैंट में एक अन्य सिख विरोधी दंगा मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। मामला 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान यहां सरस्वती विहार इलाके में दो व्यक्तियों की हत्या से संबंधित है। अदालत ने एक नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे



तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित मामले में अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। 16 दिसंबर, 2021 को अदालत ने कुमार के विरुद्ध आरोप तय किए और उनके खिलाफ ''प्रथम दृष्टया'' मामला सही पाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घातक हथियार लिए भीड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी और सिखों की संपत्ति को नष्ट किया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि भीड़ ने घर में घुसकर जसवंत और उनके बेटे की हत्या कर दी और सामान लूटकर उनके घर को आग के हवाले कर दिया। मामले में सुनवाई करने वाली अदालत के अनुसार प्रथम दृष्टया यह तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि कुमार न केवल एक भागीदार थे, बल्कि उन्होंने भीड़ का नेतृत्व भी किया था।

### प्रियंका गांधी का कटाक्ष, 'पता नहीं किस दुनिया में रहती हैं वित्त मंत्री'



नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि पता नहीं कि वह किस दुनिया में रहती हैं कि उन्हें महंगाई और बेरोजगारी नहीं दिखाई दे रही है।सीतारमण ने लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट के पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय मुद्रास्फीति दहाई के अंक में थी और 10 से अधिक पहुंच गई थी,

## पीएम मोदी के विमान को आतंकी खतरा, मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले को किया गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई पुलिस को एक कॉल मिली जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले उनके विमान पर आतंकवादी हमले की धमकी दी गई। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को आए धमकी भरे कॉल में दावा किया गया है कि आतंकी पीएम के विमान पर हमला कर सकते हैं। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, धमकी का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने तुरंत संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया और उनके जाने से पहले स्थिति का आकलन करने के लिए एक जांच शुरू की गई। मुंबई पुलिस ने एक बयान में कहा कि 11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई जिसमें चेतावनी दी गई कि आतंकवादी पीएम मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं क्योंकि वह विदेश की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं। सूचना की गंभीर प्रकृति को देखते हुए, पुलिस ने अन्य एजेंसियों को सूचित किया और जांच शुरू की।



मुंबई पुलिस के अनुसार, पुलिस ने धमकी भरे कॉल के पीछे वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया और यह पाया गया कि संदिग्ध मानसिक रूप से बीमार है। पीएम मोदी फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। पीएम मोदी अपनी चार दिवसीय यात्रा का पहला चरण समाप्त करने के बाद बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचेंगे। फ्रांस पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन से मुलाकात की और पेरिस में एआई एक्शन समिट और 14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम की सह-अध्यक्षता की।

पीएम मोदी ने पेरिस में एआई एक्शन समिट के मौके पर त्रश्नश्रद्दद्य के सीईओ सुंदर पिचाई से मुलाकात की, जहां उन्होंने एआई द्वारा भारत में लाए जाने वाले अविश्वसनीय अवसरों पर चर्चा की। भारतीय मूल के अल्फाबेट इंक के सीईओ ने इस बात पर भी चर्चा की कि और भारत देश के डिजिटल परिवर्तन पर एक साथ कैसे काम कर सकते हैं।

## महाकुंभ- माघ पूर्णिमा पर 2 करोड़ ने स्नान किया




प्रयागराज-(आरएनएस)। महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ है। शाम 6 बजे तक 2 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। एक्टर सुनील शेट्टी ने भी संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा, आज वाकई मैंने गंगा नहा लिया।

भीड़ को देखते हुए 13 से 15 फरवरी तक प्रयागराज में 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। लेकिन, पढ़ाई ऑनलाइन होगी। इससे पहले श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। काटजू रोड पर मस्जिद के बाहर जुटे नमाजियों ने भी श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। महाकुंभ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुंभ सेंटर को बंद रखा गया। आज महाकुंभ में कल्पवास भी खत्म हो गया। संगम स्नान के बाद करीब 10 लाख कल्पवासी यहां से विदा होने लगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह से ही नजर बनाए हुए हैं. प्रयागराज के डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि माघी पूर्णिमा के अवसर पर स्नान के लिए जनसैलाब उमड़ा है. भीड़ नियंत्रण में है. सभी जगह शांतिपूर्ण ढंग से स्नान शुरू है. पार्किंग, ट्रैफिक डायवर्जन से लेकर सब कुछ सक्रिय है. श्रद्धालु अनुशासन का पालन कर रहे हैं. कहीं कोई दिक्कत नहीं है. संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं. वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़ पाए. ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है. राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी सुबह से मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से महाकुंभ की निगरानी कर रहे हैं. पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद भी मौजूद हैं. ज्ञात हो कि महाकुंभ में माघ पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर योगी सरकार ने व्यापक तैयारी की है.

### नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरियम में 14 फरवरी को आयोजित होगा समारोह

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में 9 विभूतियों का होगा सम्मान

नर्मदापुरम। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखक कवि मूर्धन्य पत्रकार समाजसेवी स्व, विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति समारोह आयोजित करने वाली समिति के द्वारा भोपाल में आयोजित होने वाले समारोह की तरह नर्मदापुरम में 14 फरवरी को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति की चयन समितियों के द्वारा सम्मानित किए जाने वाली विभूतियों के नाम तय कर दिए गए हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष दैनिक क्षितिज किरण समूह के प्रधान संपादक केके सक्सेना, दैनिक क्षितिज किरन के निदेशक समिति सचिव विलक्षण सक्सेना, उपाध्यक्ष बलराम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा करेंगे। साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजवादी विचारक व राजनेता रघु ठाकुर मौजूद रहेंगे। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों का सम्मान अतिथियों के द्वारा किया जाएगा।




9 विभूतियां होंगी सम्मानित

पूर्व वर्षों की परंपरानुसार इस वर्ष भी स्व. सिन्हा की स्मृति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों को स्मानित किया जाएगा। जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान के लिए बैतूल के डॉ कृष्णा मोदी, कर्मठ राजनीतिज्ञ सम्मान क्षेत्र के वरिष्ठ नेता पं श्री गिरिजा शंकर शर्मा, पत्रकारिता सम्मान नर्मदांचल के वरिष्ठ पत्रकार पंकज पटेरिया, समाजसेवी सम्मान इटारसी के समाजसेवी गोपाल सिद्धवानी, साहित्यसेवी सम्मान नर्मदा महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र, पत्र छायाकार सम्मान वर्षों से प्रेस फोटोग्राफर रहे लोकेश तिवारी, के साथ ही गंगाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति कुशल प्रशासक सम्मान नर्मदापुरम रेंज के डीआईजी आईपीएस प्रशांत खरे, विजय गुप्ता स्मृति विधि सेवी सम्मान बीते 56 वर्षों से सतत वकालात करने वाले संभाग के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस ठाकुर, व जन संचार सेवी सम्मान भोपाल के अवनीश सोमकुंवर को सम्मानित किया जाएगा।

आयोजन समिति के में संरक्षक पं गिरिमोहन गुरू शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, अध्यक्ष केके सक्सेना उपाध्यक्ष बलराम शर्मा अभय वर्मा शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव कार्यक्रम सचिव विलक्षण सक्सेना, सांस्कृतिक सचिव विजय प्रकाश श्रीवास्तव, तुकाराम यादवेश, भानू प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना सक्सेना संगठन सचिव भूपेंद्र चौकसे, नंद किशोर यादव, शरीफ राइन, संगठन सह सचिव श्याम राय, कमल चव्हाण कार्यकारिणी पीयूष शर्मा, महेंद्र यादव, कमलेश चौधरी, पंकज शुक्ला, अजय निगम, सजेंद्र श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि शर्मा श्रीमती हिना अली, सुश्री खुशबू बूलचंदानी रामू चौहान, गजेंद्र राजपूत, प्रकाश शर्मा ने नागरिकों से समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## सुप्रीम कोर्ट मुफ्त की योजनाओं के एलान से खफा, कहा- इससे लोग काम नहीं करेंगे

नई दिल्ली.(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगा क्योंकि उन्हें राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे. जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई की, जिसमें बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग की गई थी. सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि दुर्भाग्य से, मुफ्त वाली योजनाओं



के चलते लोग काम नहीं करना चाहते. उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है और उन्हें बिना कोई काम किए पैसे मिल रहे हैं. पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपकी बेघर लोगों की चिंता किए जाने की हम तारीफ करते हैं, लेकिन क्या ये अच्छा नहीं होगा कि इन लोगों को समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जाए और देश के विकास में इन्हें भी योगदान देने का मौका मिले.केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में गरीबी को मिटाने के लिए प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है. जिसमें शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आश्रय देने का भी प्रावधान होगा. इस पर पीठ ने उन्हें केंद्र सरकार से पूछकर यह स्पष्ट करने को कहा कि कितने दिन में इस योजना को लागू किया जाएगा. इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह हफ्ते के लिए टाल दी. मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में लाए गए कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है. सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बताया कि वे इस मामले पर 19 फरवरी को सुनवाई करेंगे. जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ की तरफ से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण को यह जानकारी दी. वकील प्रशांत भूषण ने अपील की कि याचिका पर जल्द सुनवाई होनी चाहिए क्योंकि जल्द ही नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति होनी है. कानून को चुनौती देने वाली याचिका एनजीओ एडीआर ने लगाई है.

### एचएएल ने जल्द वायुसेना को तेजस की आपूर्ति करने का आश्वासन दिया

नई दिल्ली- वायुसेना प्रमुख एपी सिंह द्वारा चिंता जताए जाने की खबरों के बीच यह जानकारी सामने आई है। एचएएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक डी के सुनील ने कहा, देरी केवल उद्योग में सुस्ती के कारण नहीं हुई है। हल्के लड़ाकू विमान तेजस के निर्माता हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने मंगलवार को आश्वासन दिया कि वह जल्द भारतीय वायुसेना को विमान की आपूर्ति शुरू कर देगा और तकनीकी दिक्कतें दूर हो गई हैं। इस संबंध में वायुसेना प्रमुख एपी सिंह द्वारा चिंता जताए जाने की खबरों के बीच यह जानकारी सामने आई है।

## छिंदवाड़ा में बर्ड फ्लू, एक महीने के लिए मटन-चिकन की दुकानें सील, वार्ड नम्बर 10 संक्रमित



छिंदवाड़ा.(आरएनएस)। एमपी के छिंदवाड़ा में बर्ड का खतरा बढ़ गया है, शहर की दो चिकन दुकानों पर लिए गए सेम्पल एच 5एन1 पाजिटिव पाए जाने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए है. जिसके चलते संक्रमित क्षेत्रों में 30 दिनों के लिए सभी मटन व चिकन की दुकानों को सील कर दिया गया है. बताया गया है कि छिंदवाड़ा शहर में विक्की चिकन शॉप व नॉवेल्टी चिकन शॉप में बिल्लियों के सेम्पल लिए गए, जिसकी जांच की गई तो बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई. इसके बाद ही जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए इन दुकनों व आसपास के क्षेत्रों को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया. इसके अलावा नगर निगम के वार्ड नंबर 6, 7, 8, 28, 29, 30, 31, 41 व 45 को संक्रमित घोषित किया गया है. पूरे नगर निगम क्षेत्र और ग्राम पंचायत लिंगा को निगरानी क्षेत्र में रखा गया है. वहीं सभी चिकन दुकानें व पोल्ट्री फॉर्म तत्काल बंद कर दिए गए. चिकन व पोल्ट्री उत्पादों की बिक्री व परिवहन पर रोक लगा दी. संक्रमित क्षेत्र की सभी मुर्गियों व उनके उत्पादों को नष्ट करने का आदेश दिए हैं. जिला प्रशासन ने कार्रवाई कर इन दुकानों व आसपास के इलाकों को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है. बर्ड फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित इलाकों में चिकन दुकान मालिकों व पशुपालकों के परिवारों के सैंपल लेने शुरू कर दिए हैं. प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे चिकन और अंडों का सेवन न करें .

### दिग्विजय सिंह ने संगम में लगाई डुबकी, बोले- वीआईपी नहीं, आम आदमी के तौर पर आया हूं



प्रयागराज (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 क्षेत्र में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि मैं पिछले तीन महाकुंभों में पवित्र स्नान के लिए आता रहा हूं। मेरे लिए यह राजनीति का नहीं बल्कि भक्ति का विषय है। अगर हर सड़क पर पार्किंग की जगह बना दी जाए तो ट्रैफिक जाम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम यहां वीआईपी के तौर पर नहीं बल्कि आम आदमी के तौर पर आए हैं। मैं सभी की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करता हूं। बाद में दिग्विजय सिंह ने एक्स पर लिखा कि आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम में स्नान करने और अर्घ्य देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैंने इस अवसर पर माँ गंगा से देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

उनके बेटे विधायक जयवर्धन सिंह ने लिखा कि आज प्रयागराज में मेरे पिता दिग्विजय सिंह जी के साथ महाकुंभ माघ पूर्णिमा के पावन दिन पर त्रिवेणी संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### संत रविदास जयंती समारोह में बोले सीएम डॉ मोहन यादव

## 'संत शिरोमणि ने भक्ति के साथ कर्मवाद का संदेश दिया'

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के हिंदी भवन में संत रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल हुए। उन्होंने संत रविदास जी महाराज को नमन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि ने 648 वर्ष पहले अपने जीवन चरित्र के माध्यम से समूचे समाज, भारत और मानवता के लिए एक संदेश दिया कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। उन्होंने बताया कि सच्चे अर्थों में कठौती में गंगा का अर्थ यही है कि आपको भगवान को देखने कहीं नहीं जाना है अगर आपका मन पवित्र है कि आपमें ही ईश्वर का वास हो जाता है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव ने कर्म करते हुए अपने धर्म, समाज, देश के लिए स्वाभिमान के जीवन जीते हुए साथ भक्ति की रसधारा बहाई। उनके भक्तों में चित्तौड़ की महारानी मीरा बाई से लेकर बनारस के बड़े-बड़े राजा-महाराजा शामिल रहे। संत रविदास जी महाराज का दर्शन इतना विराट था कि वे जितना धन अर्जित करते थे उसमें से आधा धन वे दान कर देते थे। वे कहते थे कि हमारे साथ



केवल हमारा पुण्य, कर्म, सद्भावना, समाज का विश्वास और जीवन का आनंद जाएगा। इसी उदात्त भाव के कारण उन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई। इसीलिए सागर में हमारी सरकार 100 करोड़ की लागत से संत रविदास जी का भव्य मंदिर बनवा रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि संत रविदास सभी को समान भाव से देखते थे और गरीबों से उन्हें विशेष प्रेम था। इसी प्रकार हमारी सरकार भी प्रदेश के गरीबों, युवाओं के जीवन में बदलाव लाने का काम कर रही है। हर गरीब को हम संपन्नता की ओर ले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब व्यक्ति भी सम्मान के साथ जी रहा है। सीएम डॉ यादव ने घोषणा की कि हर गरीब को पक्का मकान देने के लिए दोबारा सर्वे कराया जाएगा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में गरीब वर्ग के लोगों को ढाई-ढाई लाख के मकान दिये जाएंगे। 10 लाख मकान शहरी क्षेत्र में बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति को सामाजिक कार्य के लिए जमीन का आवंटन किया जाएगा।

### संजय राउत के आरोपों पर अन्ना हजारे का पलटवार

## 'कुछ लोग अपनी मानसिकता के अनुसार ही'

नई दिल्ली-(आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे पर 2014 के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के तहत अनियमितताओं के खिलाफ आवाज नहीं उठाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को राउत की यह टिप्पणी हजारे के उस दावे के बाद आई है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि अरविंद केजरीवाल के पैसे पर ध्यान केंद्रित करने के कारण आम आदमी पार्टी (आप) हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई। हजारे ने सेना (यूबीटी) नेता की आलोचना पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ लोग चीजों को अपनी मानसिक स्थिति के अनुसार समझते हैं।



मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने दावा किया, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अन्ना हजारे को महात्मा बना दिया। उनके बिना, अन्ना दिल्ली नहीं देख पाते या (भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध के लिए) राम लीला और जंतर मंतर पर नहीं जाते। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद बीजेपी शासित केंद्र और महाराष्ट्र में अनियमितताओं का विस्फोट हुआ, लेकिन अन्ना ने एक शब्द भी नहीं बोला।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना केंट में को मोहम्मद आकिब उम्र 23 वर्ष निवासी जीके हुसैन कम्पाउण्ड सदर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्रायवेट जॉब करता है ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड के 6726 शाहरूख हुसैन पिता गुलाम हुसैन निवासी ईदगाह तांगे खाना के पास सदर से खरीदा था ई रिक्शा किस्त में था वह शाहरूख हुसैन को 53 हजार रूपये दिया था किस्त वह जमा कर रहा है ई रिक्शा को उसके पिता जी मोहम्मद ईनुस चला रहे थे दिनांक 9-2-25 को सुबह लगभग 11-30 बजे ई रिक्शा को लॉक कर इंदौर स्वीटस के सामने मेन रोड़ सदर मे खड़ी करके घर आ गये थे

संभागों में 23 बड़े बकायादारों की सम्पत्तियाँ हुई कुर्क ~3 दिन के अंदर बकाया करों की राशि जमा नहीं करने पर सम्पत्तियाँ होगीं नीलाम – निगमायुक्त

# राजस्व वसूली के लिए निगमायुक्त प्रीति यादव ने दिखाई सख्ती बकायादारों के विरुद्ध भवन कुर्क करने की कि गई कार्रवाई

## संभाग क्रमांक 7, 8, 10, 13 और 15 में हुई कुर्की की कार्रवाई ~यह कार्रवाई आगे भी लगातार रहेगी जारी





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा दिखाई गई सख्ती के उपरांत राजस्व वसूली अभियान में धीरे धीरे तेजी आने लगी है। राजस्व अमले के साथ-साथ नगर निगम के अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, श्रीमती अंजू सिंह, मनोज श्रीवास्तव के अलावा अन्य सभी उपायुक्त, सहायक आयुक्त, विभागीय प्रमुखों एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी भी बकाया करों की राशि वसूलने मैदान में उतर आये हैं। जिसके परिणाम स्वरूप आज बड़े बकायादारों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ 23 करदाताओं की सम्पत्तियाँ अलग अलग संभागों के अंतर्गत कुर्क की गई है। भवनों को कुर्क करने के साथ-साथ बकायादारों को 24 घंटे का नोटिस जारी कर कहा गया है कि 24 घंटे के अंदर समस्त बकाया करों की राशि जमा करें अन्यथा वैधानिक प्रक्रियाओं को पूर्ण कराते हुए कुर्क सम्पत्तियों को नीलाम करने की कार्रवाई की जायेगी। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संभाग 13 अंतर्गत स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में वसूली की कार्यवाही की गई। इस मौके पर गोपीबाई उर्फ शांतिबाई चौधरी पर 8 लाख 81 हजार 2 सौ 80 रुपये की राशि बकाया एवं सरदार रजिन्दर सिंह (तन्हाई बार एण्ड रेस्टोरेन्ट) पर 5 लाख 18 हजार 5 सौ 58 रुपये की राशि बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई की गई और संबंधितों को 3 दिन की अंतिम सूचना भी दी गई है।

बकाया राशि जमा न होने की स्थिति में उक्त संपत्ति की कुर्की एवं नीलामी की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अब कुर्की की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आज संभाग क्रमांक 7, 8, 10, 13, और 15 के अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उक्त सभी संभागीय अधिकारियों एवं राजस्व निरीक्षकों के द्वारा कुर्की की कार्रवाई की गई। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी बकायादारों से अपील की है कि समस्त बकाया करों की राशि निगम में जमा कर निगम प्रशासन की अप्रिय कार्यवाही से बचें और लगने वाले अधिभार से भी बचें। कार्रवाई के दौरान संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, राजस्व लिपिक एवं नोटिस सर्वर आदि उपस्थिति रहे।

# निर्धन कन्या के विवाह में दिया योगदान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कृति संस्कार संगठन द्वारा एक निर्धन कन्या को उसके विवाह के लिए दैनिक जीवन के साथ घर-गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप दिया गया। कन्या के घर की परिस्थिति ठीक नहीं होने के कारण संस्कृति संस्कार के सदस्यों ने कन्या के विवाह के एक दिन पूर्व कन्या के घर जाकर गृहस्थी के साथ श्रृंगार का सामान दिया जिसमें आलमारी, मिक्सर-ग्राइंडर,सोने की लौंग,चांदी की पायल, बिछिया,बर्तन, 11साड़ियां, विविध श्रृंगार सामग्री,इलेक्ट्रिक प्रेस,दो कंबल, दो बेडसीट एवं नगद राशि आदि उपहार स्वरूप भेंट करके निर्धन परिवार को मदद पंहुचाई । संस्था अध्यक्ष श्रीमती शोभा तिवारी ने बताया कि मानवीय सेवा के नेक कार्य में श्रीमती गायत्री दुबे, श्रीमती शोभा पवार श्री अनुराग शोभा तिवारी,मीना श्रीवास्तव, विनोद अग्निहोत्री, संगीता साहू, स्नेहलता साहू,मीनल शाह, मधु वाजपेई,अजय रितु रावत, अरूणा दुबे,पूजा तिवारी, नन्दा शर्मा,आशा यादव,राजेश पाठक प्रवीण,डॉ. गोपाल दुबे,एम.के.सोनी , सुनील अवस्थी,शिखा श्रीवास्तव रानू, सुरिंदर गुजराल का सहयोग रहा।

**अज्ञात चोर ई रिक्शा चुरा ले गया**

जबलपुर - थाना माढोताल में रात्रि अभिषेक जैन उम्र 30 वर्ष निवासी दीक्षित कालोनी माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ई रिक्शा सवारी आटो चलाता है दिनांक 8-2-25 की रात लगभग 10 बजे अपना ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड टी 6819 को अपने घर के गेट के बाजू से खड़ा कर दिया था दिनांक 9-2-25 की सुबह लगभग 6 बजे उठकर देखा तो उसका ई रिक्शा वहां नहीं था जिसकी आसपास तलाश की नहीं मिला कोई अज्ञात चोर उसका ई रिक्शा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध

# दस माह में लगभग 6773 करोड़ रूपये ओरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा विभिन्न बैठकों में समय-समय पर पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं।

इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जनवरी माह तक पश्चिम मध्य रेल ने लगभग कुल रुपये 6773 करोड़ 31 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। जिसमें मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 2021 करोड़ 25 लाख, माल यातायात से रुपये 4333 करोड़ 05 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 146 करोड़ 57 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 272 करोड 44 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। अकेले जनवरी माह में पश्चिम मध्य रेल ने 796 करोड़ 68 लाख रूपये ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया। जिसमें यात्री यातायात से रुपये 217 करोड़ 32 लाख, माल यातायात से रुपये 454 करोड़ 67 लाख अन्य कोचिंग मद में रुपये 14 करोड़ 40 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 110 करोड 29 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

यात्री यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं–

? यात्रियों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया। ? स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हैं। ? पमरे से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि को विस्तारित कर चलाया जा रहा हैं। ? यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। ? पश्चिम मध्य रेल में मिलने वाले प्रायोगिक ठहराव की अवधि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया जा रहा हैं। ? अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान कर यात्री ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई साथ ही समयपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। माल यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं– ? मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया।

? माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। ? गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल / साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है। ? नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण जैसे अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान की जा रही है।

# कर्मचारियों की बेहतरी, सुरक्षित भविष्य के साथ संस्थान की प्रगति में अहम भूमिका निभाने वाले एकमात्र नेता थे पूर्व विधायक डी पी पाठक

## चौदहवीं पुण्य तिथि श्रम शक्ति दिवस के रूप में मनाई गई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के संस्थापक महामंत्री, इंटक के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक स्व. डी.पी. पाठक की पुण्य तिथि? श्रमशक्ति? दिवस के रूप में संचालन संधारण संभाग विजय नगर परिसर के पास मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता यू के पाठक ने कहा कि आदरणीय पाठक जी के कुशल नेतृत्व में फेडरेशन अनुशासित, रचनात्मक और सकारात्मक भूमिका निभाने वाला संगठन बना और काम किया । आदरणीय पाठक जी ने बिजली सेक्टर के कर्मचारियों की बेहतरी, सुरक्षित भविष्य के लिए जो किया है वह ऐतिहासिक है। उनके निर्णयों की आज भी चर्चा होती है। दिनेश दुबे ने कहा कि श्रमिकों के मसीहा डी पी पाठक हमेशा कहते थे कि उघोगो की प्रगति से ही कर्मचारियों की उन्नति और हर सुविधा संभव है। ऐसी सकारात्मक सोच रखने वाले वे एकमात्र नेता थे।? केदारनाथ अग्निहोत्री ने कहा कि उन्होंने प्रंबधन और शासन से चर्चा कर कर्मचारियो की बेहतरी हेतु अनेक ऐतिहासिक निर्णय कराएं है। जिनका लाभ आज भी मिल रहा है। उमाशंकर दुबे ने कहा कि हम लोग शुरूआत से ही आदरणीय पाठक जी के संपर्क में आएं और उनसे हमेशा कर्मचारी और राजनैतिक क्षेत्रों के कार्यों का अनुभव प्राप्त किया। आदरणीय पाठक जी ने कर्मचारियों के संगठन को शून्य से शिखर तक पहुंचाया। केदारनाथ अग्निहोत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं और वेतनमान मिला। उन्होंने फेडरेशन को अपने परिश्रम और कुशल नेतृत्व से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। आई के अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री पाठक जी ने श्रम क्षेत्र में पूरे भारतवर्ष में साथ ही साथ विश्व में एक अलग पहचान बनाई और श्रमिकों के हितों की लड़ाई में हमेशा संघर्षरत रहे।

कार्यक्रम में पधारे वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक विजय तिवारी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि उनके निर्णय आज भी समसामयिक है और उनकी दूरदृष्टी आज भी महसूस हो रही है। बीस साल पहले उन्होंने जो बिजली सेक्टर और कंपनियों के विषय में जो विचार रखे थे वह सब आज परिलक्षित हो रहें हैं। उनकी सोच आज भी मागदर्शन का काम करतीं हैं । अविनाश तिवारी जी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से फेडरेशन का जो बृहद रुप था अब फेडरेशन के सभी साथियों को मिलकर फिर वही स्थिति लाना होगी। तभी कर्मचारियों का हित संवर्धन हो सकेगा।हमे पुनः सम्पर्क अभियान चलाना होगा। इस अवसर पर श्री दिनेश गोस्वामी, दयाशंकर द्विवेदी, पापा अग्रवाल, विजय डोंगरे,सुनील पटेल, भारत कुमार भनेश, मनीष गाडेवाल, विनोद कोरी,रवि यादव, घनश्याम पटेल,आर के अग्रवाल, अविनाश तिवारी, नरेंद्र तिवारी, मोहित पटेल सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन के सभी कर्मठ पदाधिकारी, सदस्य गण आदि उपस्थ?त थे और उन्होंने सभी का स्वागत किया ।सभी ने अपने उद्बोधन में डी.पी. पाठक जी के द्वारा श्रमिक हितों के कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि हमें उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कुशल संचालक दिनेश दुबे एवं आभार प्रदर्शन उमाशंकर दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी अतिथ?यों एवं उपस्थ?त जनों ने पाठक जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# अबाक्स के तत्वाधान में सद्गुरु रैदास जी के 648 जन्मोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के बेगमपुरा जी संकल्पना से ही समतामूलक समाज की की स्थापना हो सकती है उक्त उदगार अबाक्स के प्रदेशाध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी ने व्यक्त करते हुए बहुजनों को एकजुट होने का आव्हान किया। संत रविदास जी के चल समारोह में विभिन्न गुरु रविदास जी प्रतिमाएं झाकियां गुरु ग्रन्थ शामिल थी साथ में विभिन्न क्रांतिकारी बहुजन महापुरुषों की झाकियां चल रही थी उन सभी का आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ द्वारा मंच से सम्मान स्वागत किया गया। संघ द्वारा फल मिष्ठान का वितरण भी किया। इस अवसर पर सेवानिवृत आई ए एस डॉ जगदीश जटिया,शिवनाथ चौधरी आलम,बैजनाथ कुशवाहा, तेजकुमार भगत,कमलेश धपोड़कर, डॉ आशुतोष सिलोदिया ,धर्मेंद्र कुशवाहा, शिवकुमार गोटियां,शारदा पटेल,शुभम चौधरी,महेश अहिरवार,राकेश मून,रामरतन यादव, एस पी मरावी, डॉ सत्येंद्र ब्यौहार,ने संबोधित किया। कार्यक्रम में नत्थूलाल सतनामी,प्रकाश चंदेल,राजकुमार सिंह, एस पी मरावी,एड गोविंद अहिरवार,सीताराम पटेल,उमेश मेहरा,धनराज कुर्वेती,मोहन महोबिया,दिनेश चौधरी,जीवन जाटव,दीपक चौधरी,राम अवतार जाटव,सी एस सिरसाठ,मनमोहन चौधरी,राजेंद्र जाट,राकेश श्रीवास,संजय अहिरवार,सोनेलाल उरेती, डेनियल इब्राहिम,प्रमेंद्र धुर्वे,सुरेन्द्र मरावी,मूलचंद मौर्य,दीपक वर्मा रिंकू कुशवाहा,सुनील चौधरी शारदा म ते ल,संतोष रजक, एस एल वर्मा,नरेंद्र जयसवाल,माधव पांडे आदि उपस्थित थे।

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संत शिरोमणि रविदास जी की 648 वी जयंती पर भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार कुलस्ते ने शहर के हृदय स्थल मालवीय चौक पर अपने प्रमुख साथियों के साथ संत रविदास जी की मूर्ति पूजन कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर धनराज पुसाम,शैलेश सिंह, राजेश कुमार, आकाश यादव, राजेश कोरी, के साथ सभी सामाजिक पदाधिकारी मौजूद रहे।





**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 482/ 2024/2025 दिनांक 11.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री आशीष कुमार चौबे, पिता स्व. श्री महेश चौबे** ने भवन क्रं. 1053/2 पिन क्र. 1000533885 **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती सुधा चौहान, पति श्री गजेन्द्र सिंह चौहान, क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1000 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 481/ 2024/2025 दिनांक 11.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अर्चना अवस्थी, पति श्री मुकेश अवस्थी** ने फ्लैट क्रं. ए-10/202 पिन क्र. 1000704266 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री वरूण अग्रवाल, प्रथमतल 1204 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 480/ 2024/2025 दिनांक 11.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नीलमणि शुक्ला, पति श्री नीरज शुक्ला** ने भूखंड क्रं. 147 पिन क्र. 1000705663 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती गायत्री चौबे, पति श्री कृष्ण कुमार चौबे, क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1250 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 1250 व.फु. आर.सी.सी.,**विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 479/ 2024/2025 दिनांक 11.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती प्रभा साहू, पति श्री पुरूषोत्तम लाल साहू, 2. श्री पुरूषोत्तम लाल साहू, पिता श्री हुबलाल साहू,** ने खसरा क्रं. 701/22/1/2 पिन क्र. 1000596742 **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती सविता बाजपेयी, पति स्व. श्री महेश चंद्र बाजपेयी, क्षेत्रफल 2160 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./
M 105/2024-25 दिनांक 10/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती संध्या शुक्ला, पति स्व.श्री अनुप कुमार शुक्ला** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000545375 के पंजीकृत स्वामी श्री अनुप कुमार शुक्ला पिता स्व.श्री गोपाल प्रसाद शुक्ला, के नाम से दर्ज 3श्री विहार डयुपलेक्स कचन विहार का निर्मित तल मंजिल रकवा 559 व.फु., प्रथम मंजिल 523 व.फु. के स्वामि का दिनांक 27/03/2024 को निधन हो जाने पर उक्त संपत्ति के उत्तराधिकारी की हैसियत से आवेदिका ने अपना नाम निम्न दस्तावेजों- **मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र, आधार कार्ड विक्रयपत्र एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./
M 106/2024-25 दिनांक 10/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती रानी दुबे, पति-स्व. श्री रामकुमार दुबे** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000557344 के पंजीकृत स्वामी श्री रामकुमार दुबे, पिता- श्री देवदत्त दुबे के नाम से दर्ज 2 श्री विहार डयूपलेक्स कंचन विहार का निर्मित तल मंजिल रकवा 559 व.फु., प्रथम मंजिल 523 व.फु., के स्वामी का दिनांक 22/05/2023 को निधन हो जाने पर उक्त संपत्ति के उत्तराधिकारी की हैसियत से आवेदिका ने अपना नाम निम्न दस्तावेजों- **मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र, आधार कार्ड विक्रयपत्र एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./
M 104/2024-25 दिनांक 10/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री राम प्रसाद काछी, पिता श्री रामभरोसे** के द्वारा **वार्ड क्रं. 77 संत रविदास वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000463404 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती मुन्नी बाई पटेल, पिता- श्री ग्यारसी लाल पटेल, के नाम से दर्ज कृष्ण कालोनी का प्लाट रकवा 800 व.फु., निर्मित तल मंजिल 750 व.फु., प्रथम मंजिल 200 व.फु., जिसका मौजा सुहागी भूमि खसरा नं. 82,83 एवं 48 पुराना नामांतरण पश्चात खसरा नं. 48/21, प्लाट नं. 12 का दर्ज रकवा 800 व.फु., उस पर निर्मित तल मंजिल 600 व.फु., **विक्रय/क्रय** किये जाने पर निम्न दस्तावेजों- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति लेजर, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./
M 107/2024-25 दिनांक 10/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती बिन्दा बैरागी, पति श्री मनोज बैरागी** के द्वारा **वार्ड क्रं. 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000557459 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती पुष्पा देवी तिवारी, पति श्री जगदीश प्रसाद तिवारी के नाम से दर्ज शंकर नगर करमेता का निर्मित तल मंजिल रकवा 654 व.फु., प्रथम मंजिल 654 व.फु., जिसका मौजा करमेता खसरा नं. 266/2, 267/2 एवं नामांतरण पश्चात् खसरा नं. 266/81, 267/81 का रकवा 800 व.फु., उस निर्मित तल मंजिल 716 व.फु., प्रथम मंजिल 716 व.फु., **विक्रय/क्रय** किये जाने पर निम्न दस्तावेजों- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र,खसरा आदेश प्रति, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**



भोपाल -उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को सिहोरा के पास नेशनल हाईवे पर कुंभ स्नान कर वापस लौट रहे तीर्थयात्रियों की ग्राम मोहला बरगी के पास टेंपो ट्रेवलर एवं ट्रक के टकराने से हुई दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना में टेंपो ट्रेवलर में सवार आंध्र प्रदेश के 7 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। घायल 2 लोगों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा कर सुपात्रों को त्वरित लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश**

# सबको मिले सरकार की योजनाओं का लाभ - मुख्यमंत्री डॉ यादव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनकल्याण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। योजनाओं के जरिए ही हम इस लक्ष्य के लिए आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए सुनिश्चित करें कि प्रदेश का कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रदेश के विकास में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंद हितग्राहियों को पात्रतानुसार त्वरित लाभ दिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव,




प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस वित्तीय वर्ष के तय लक्ष्यों की समय पर पूर्ति की जानी चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रतिदिन समीक्षा की जाए, ताकि कोई भी सुपात्र हितग्राही लाभ पाने से न छूटे। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सतत समीक्षा करें। सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा और विलम्ब के समय पर हितग्राहियों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाएं सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु हैं। इनके प्रभावी क्रियान्वयन से ही जनता को शासन की संवेदनशीलता का अनुभव होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का फुल सैचुरेशन (पूर्ण संतृप्ति) किया जाना है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही बैंकों द्वारा वित्तपोषित योजनाओं में हितग्राहीमूलक प्रकरणों को निर्धारित समय से पहले लक्ष्य से भी कहीं ज्यादा संख्या में प्रस्ताव भेजे जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में हितग्राहीमूलक योजनाओं के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के बराबर या उससे अधिक वित्तीय प्रावधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी और पारदर्शी संचालन से ही हम विकास की दिशा में आगे बढ़ेंगे। सरकार की योजनाएं शासन और जनता के बीच परस्पर विश्वास की द्योतक होती हैं, इसीलिये योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कर सरकार पर जनविश्वास बढाने की दिशा में कार्य करें। यही सुशासन है, यही कल्याणकारी राज्य का मूल लक्ष्य है।बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी विभागीय हितग्राहीमूलक योजनाओं की अद्यतन जानकारी दी और इन योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया।

# राष्ट्र सेवी विचित्र कुमार सिन्हा जी के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेते हैं समाज सेवी

**अशोक मनवानी**



जब भी राष्ट्र प्रेम और अपने देश के लिए अनुराग की चर्चा होती है, तो मध्यप्रदेश का विशेष उल्लेख होता है। भारत के हृदय प्रदेश की पहचान सिर्फ सघन वन,वन्य प्राणी और प्रकृति का सौंदर्य ही नहीं बल्कि ऐसे राष्ट्र भक्त नागरिक और समर्पित समाज सेवी हैं, जिन्होंने अपना जीवन ओरों के लिए खपा दिया। ऐसे ही एक राष्ट्र प्रेमी गुना जिले में वर्ष 1924 में जन्मे श्री विचित्र कुमार उमाचरण सिन्हा हैं,जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में कई आदर्श स्थापित किए। ईश्वर ने कुछ ऐसे मनुष्यों की हर युग में रचना की है जो बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी होते हैं। स्वाभाविक रूप से समाज और राष्ट्र को ऐसे व्यक्तित्व एक जीवन में तीन या चार जीवन अर्थात डेढ़ सौ-दो सौ वर्ष जीवन के समान योगदान दे देते हैं। श्री विचित्र कुमार सिन्हा न सिर्फ पत्रकारिता बल्कि साहित्य, समाज सेवा और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी सक्रिय रहे। बाल्यकाल से अपने देश से बहुत लगाव रखने वाले विचित्र कुमार जी भारत माता को स्वतंत्र करवाने का जज्बा रखते थे। यही कारण है कि सिर्फ 15 वर्ष की उम्र में उनकी भागीदारी झंडा सत्याग्रह में रही। उन्होंने स्वदेशी आंदोलन से जुडक़र सामाजिक उद्देश्य के लिए कार्य किया। भोपाल में मित्र मंडल की स्थापना की। वर्ष 1940 में सिर्फ 16 वर्ष की आयु में भोपाल रियासत के प्रथम हिन्दी विद्यालय और अनुसूचित जाति की पाठशाला की स्थापना के लिए योगदान दिया।

लेखन और पत्रकारिता का जुनून उन्हें इस कदर गतिशील बनाए रखता था कि वे सुबह से रात तक राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को सामने रखकर न सिर्फ स्वयं कार्य करते थे बल्कि अपने साथियों को भी रचनात्मक भूमिका के लिए प्रेरित करते थे। श्री सिन्हा जी ने राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं के लिए लेखन कार्य किया। उनके स्वयं के प्रकाशनों में हस्त लिखित पत्रिका मित्र देश भी शामिल है। उन्होंने विद्रोह और चित्रकार से नामक काव्य संग्रह प्रकाशित करवाए। पिछली सदी के पूर्वार्द्ध में भारत में लघु कथा की शुरूआत माधवराव सप्रे की लघु कथा एक टोकरी मिट्टी से मानी जाती है। दरअसल लघु कथाएं सीमित शब्द सीमा के साथ सम्पूर्ण कथात्मक अनुभव व्यक्त करती हैं। यह लघु कथाएं मौखिक कथाओं की परम्परा से जुड़ी हैं। श्री विचित्र कुमार सिन्हा बहुत अच्छी लघु कथाएं लिखा करते थे। तत्कालीन समाज का परिदृश्य जानना हो तो सिन्हा जी की लघु कथाओं से जाना जा सकता है। उनका स्वयंवरा नामक लघु कथा संग्रह काफी लोकप्रिय हुआ। वर्ष 1945 से 1967 तक उन्होंने पंचशील और ब्लिटज का प्रकाशन किया। वर्ष 1973 से उन्होंने साप्ताहिक विचित्र विनोद का प्रकाशन किया जो अब सिन्हा जी के सुयोग्य पुत्र कृष्णकान्त सक्सेना जी के द्वारा क्षितिज किरण उनकी कल्पना का बीज, वट वृक्ष के रूप में परिवर्तित होने का सुखद प्रमाण है। यही नहीं सिन्हा जी की तीसरी पीढ़ी के विलक्षण सक्सेना दादा जी के सद्गुण अपना कर अलग पहचान बना रहे हैं। परिवार का मुखिया अपने कृतित्व से परिवार की विशेष पहचान स्थापित करने का यत्न करता है। सिन्हा और सक्सेना परिवार प्रदेश की राजधानी भोपाल के प्रबुद्ध परिवारों का प्रतिनिधित्व करता है। प्रति वर्ष विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समिति द्वारा विचित्र कुमार जी की जयंती पर विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने की सुदृढ़ परम्परा स्थापित हो चुकी है। विचित्र कुमार सिन्हा जी की जयंती पर होने वाला समारोह एक पारिवारिक उत्सव की भांति भागीदारी करने वालों में ऊर्जा और प्रसन्नता का संचार करता है। विशेष बात यह है कि वर्ष 1996 से 2024 तक निरंतर सिन्हा जी का जयंती समारोह निर्बाध रूप से सम्पन्न हुआ है। कोरोना काल में भी परिवार का उत्साह कम नहीं हुआ। परिजन संक्रमित भी हुए लेकिन सिन्हा साहब की जयंती का जोश प्रभावित नहीं हुआ। इसके पहले साल 2001 में संस्था ने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया जब गुजरात के भूकम्प प्रभावित नागरिकों की सहायता के लिए परिवार ने जयंती समारोह स्थगित कर सहयोग राशि गुजरात के नागरिकों तक पहुंचाने का कार्य किया। श्री विचित्र कुमार सिन्हा ने राष्ट्र कल्याण और परहित धर्म के पालन के लिए जीवन समर्पित किया। इस नाते प्रतिवर्ष उनका स्मरण अन्य संस्थाओं और समाज सेवियों को प्रेरणा देने का कार्य भी करता है। राष्ट्र सेवी स्वर्गीय विचित्र कुमार सिन्हा जी की सेवाओं को प्रणाम और उन्हें शत-शत नमन।

# मंत्री सुश्री भूरिया ने मंगल दिवस पर गर्भवती महिला की गोद भराई कर भेंट की किट



भोपाल (आरएनएस) महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ जिले के कल्याणपुरा के तड़वी फलिया में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर पहुँच कर मंगल दिवस आयोजन में सम्मिलित हुई।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कुपोषित बच्चे की माता और मोटी आई से संवाद किया और बच्चें की देखरेख कर पौष्टिक आहार, टीएचआर लड्डू एवं गुड़ चना खिलाये जाने और बच्चों की शिशु रोग विशेषज्ञ से स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को टीएचआर से बने लड़?डु खिलाए एवं मोटी आई का पुष्पमाला पहना कर सम्मान किया। मंत्री सुश्री भूरिया ने समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मोटी आई पोस्टर लगाने की शुरुआत करते हुए केन्द्र पर मोटी आई पोस्टर लगायें जिसमे केन्द्र का नाम, मोटी आई का नाम प्रदर्शित रहेगा। उन्होंने आंगनवाड़ी को दी गयी मान्टेसरी किट के माध्यम से बच्चो के साथ विभिन्न ज्ञानवर्धक खेल, खेले एवं खेल के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया। मंत्री सुश्री भूरिया ने मंगल दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आंगनवाड़ी केन्द्र पर गर्भवती महिला श्रीमती दीपिका दिनेश भूरा की गोद भराई कर उसे किट भेंट की।

## सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी की बढ़ने लगी मुश्किलें, एनएसयूआई ने खोला मोर्चा

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता पर एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूाह्र) डॉ. प्रभाकर तिवारी के खिलाफ उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला से उनके भ्रष्टाचार की शिकायत किए जाने के बावजूद , उन्हीं से जवाब मांगा जाना प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है वहीं प्रभाकर तिवारी के खिलाफ एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया हैं ।

# प्रदेश सरकार सुनिश्चित कर रही है हर श्रद्धालु की यात्रा सुखद और सुरक्षित हो-उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाकुंभ के पावन अवसर पर रीवा के ग्राम हरिहरपुर, मनगवां एवं जोगिनहाई में विभिन्न प्रदेशों से प्रयागराज जा रहे तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद किया और व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं से कुशल-क्षेम पूछा और उनकी सुरक्षा तथा सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जैसे पुनीत आयोजन में श्रद्धालुओं की सेवा हमारा सौभाग्य है और कर्तव्य है। प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर तीर्थ यात्री की यात्रा सुखद और सुरक्षित हो।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा और विंध्य क्षेत्र सेवा, संस्कृति और समर्पण की भूमि है। यहां के लोग महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करके अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। यह सहयोग और समर्पण की भावना ही हमारी ताकत है। प्रशासन के साथ समाजसेवी संगठन कंधे से कंधा मिलाकर सेवा कार्यों में योगदान दे रहे हैं।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि भोजन, पानी, ठहरने की व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को भी सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सक्रिय रखने और विश्राम स्थलों पर पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की यात्रा को सुखद और सुरक्षित बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार एवं स्थानीय प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है।

## मुख्य मार्गों से कचरा तत्काल उठवाएं व ग्रीन बेल्ट व अन्य स्थानों से गाजर घास, झाड़ियां साफकराएं

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने निर्देशित किया है कि शहर के सभी मुख्य मार्गों एवं ग्रीन बेल्ट से कचरा तत्काल उठवाने के साथ ही ग्रीन बेल्ट व अन्य स्थानों से झाड़ियां, गाजर घास आदि साफकराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

निगम आयुक्त नारायन ने यह निर्देश सोमवार को प्रात: शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए समक्ष में वी.सी.के माध्यम से दिए। निगम आयुक्त नारायन ने साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत सभी दरोगाओं को निर्देशित किया कि वह सफाई सुपवाईजरों के साथ समन्वय स्थापित कर सफाई मित्रों की बैठक आहूत कर स्वच्छता संवाद करें साथ ही सफाई कार्य के दौरान भी सफाई मित्रों से संवाद भी करें।

# बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें, ताकि वे तनावमुक्त रहें : गोविंद सिंह राजपूत

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन छात्रों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रखने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में भाग लिया और छात्रों के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में छात्रों और अभिभावकों को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने के टिप्स दिए। कार्यक्रम के बाद मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा हमारी मित्र है, जो आत्मविश्वास बढ़ाने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा, आज के बच्चे बहुत इंटेलिजेंट हैं, जरूरत सिर्फ उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनके अंदर छिपे हुनर को पहचानने की है।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने प्रधानमंत्री मोदी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो बच्चों की परीक्षा जैसी छोटी-छोटी बातों को भी गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को तनाव मुक्त रहने के जो टिप्स दिए हैं, वे न केवल प्रेरक हैं, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने अभिभावकों से अपील की कि वे परीक्षा के दौरान अपने बच्चों से मित्रवत व्यवहार करें और उन्हें ऐसा माहौल प्रदान करें जिससे वे तनावमुक्त महसूस करें। उन्होंने कहा, यह परीक्षा सिर्फ बच्चों की नहीं, बल्कि अभिभावकों की भी होती है। इसलिए अपने बच्चों को सहारा दें, उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं और उन पर अनावश्यक दबाव न डालें। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि टाइम मैनेजमेंट सीखें और अपने लक्ष्य को बड़ा रखें, इससे परीक्षा आपको छोटी लगने लगेगी।

मंत्री श्री राजपूत ने शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान शिक्षक बच्चों का उत्साहवर्धन करें और उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षक, छात्रों और अभिभावकों के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं और वे बच्चों की मानसिक स्थिति को समझते हैं। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अभिभावकों को इस बारे में जागरूक करें कि बच्चों के साथ किस प्रकार का व्यवहार करें जिससे वे तनावमुक्त रहकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के. वी., जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश मिश्रा, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के प्राचार्य मनीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खंडवा में होटल-लॉज और धर्मशाला वालों को किराएदार की जानकारी प्रशासन और पुलिस को देना होगी

खंडवा (आरएनएस)। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इसके मुताबिक, होटल-लॉज और धर्मशाला वालों को किराएदार की जानकारी स्थानीय प्रशासन और पुलिस को देना होगी। वहीं साइबर कैफे संचालकों को नियमों का पालन करना होगा। रैली, जुलूस, धरना प्रदर्शन आदि पर रोक लगा दी गई है। साथ ही सोशल मीडिया पर पुलिस भी एक्टिव रहेगी, जो आपत्तिजनक पोस्ट पर नजर रखेंगी। होटल, लॉज व धर्मशालाओं के संचालकों को आदेशित किया है कि किसी भी व्यक्ति को ठहराने से पूर्व उसका प्रमाणिक पहचान पत्र अवश्य प्राप्त करें।

# संत रविदास आध्यात्मिक गुरु ही नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे- राज्य मंत्री टेटवाल

भोपाल (आरएनएस)कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी केवल आध्यात्मिक गुरु ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। राज्य मंत्री श्री टेटवाल संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में संत रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी ने उस दौर में भी समाज को समानता और कर्म की प्रधानता का संदेश दिया, जब भेदभाव और छुआछूत चरम पर था। वे केवल शिक्षा के प्रचारक नहीं थे, बल्कि उन्होंने समाज को कौशल से संपन्न बनाकर रोजगार से जोड़ने का कार्य भी किया। राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि उनके विचार इतने प्रभावशाली थे कि सिख धर्म के गुरु ग्रंथ साहिब में भी उन्हें स्थान मिला और आज भी गुरुद्वारों में उनके आदर्शों को गाया जाता है। राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने



कहा कि संत रविदास जी के गुरु रामदास जी थे, और मीराबाई ने भी उन्हें ही अपना गुरु माना था। उनके विचारों ने समाज में एक नई चेतना जगाई, जो शिक्षा और हुनर दोनों को समान रूप से महत्व देती है। इसी भावना के अनुरूप आज ग्लोबल स्किल्स पार्क युवाओं को आधुनिक तकनीकी दक्षता से सशक्त कर रहा है। राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी के विचारों के अनुरूप हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम ज्ञान और कौशल को अपनी ताकत बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हों। यह डिजिटल युग अवसरों से भरा है, और युवाओं को इनका पूरा लाभ उठाकर अपने सपनों को साकार करना चाहिए। राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने सर्व-सुविधायुक्त बालकों के छात्रावास का उद्घाटन किया। छात्रावास में 600 छात्रों को लाभ मिलेगा। छात्रावास में 200 कमरे बनाए गए हैं, जिसमें तीन-तीन छात्रों के रहने की व्यवस्था की गई है। राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने छात्रावास का निरीक्षण किया और आवश्यक सुधारों के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसी को ध्यान में रखते हुए खिड़कियों में ग्रिल लगाने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संत रविदास जी के जीवन और आदर्शों पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिससे उनके विचारों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। वहीं, ग्लोबल स्किल्स पार्क के विद्यार्थियों ने संस्था के उद्देश्य को रेखांकित करता विशेष गीत भी गाया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित जनों को प्रेरित किया, और राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने भी बच्चों के साथ इन प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया।

# प्रमाणित बीजों से बढ़ाई जा रही है फसलों की उत्पादकता- कृषि मंत्री कंषाना

भोपाल-(आरएनएस) किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि बीज प्रमाणीकरण संस्था का गठन भारत सरकार द्वारा अधिसूचित बीज अधिनियम 1966 की धारा 8 के अन्तर्गत किया गया है। संस्था का मुख्य कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्ता के बीजों का प्रमाणीकरण करना है। प्रमाणित बीजों से प्रदेश में फसलों की उत्पादकता बढ़ाई जा रही है। बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा विगत् एक वर्ष की अवधि में बीज प्रमाणीकरण का महत्वपूर्ण कार्य किया गया। खरीफ-2024 में 1.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बीज प्रमाणीकरण के लिए पंजीकृत हुआ और 15 लाख क्विंटल बीज प्रमाणित किया गया। रबी सीजन में 1.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बीज प्रमाणीकरण के लिए पंजीकृत हुआ और 21.86 लाख क्विंटल बीज प्रमाणित किया गया। ग्रीष्म-2024 में 9021 हेक्टेयर क्षेत्र बीज प्रमाणीकरण के लिए पंजीकृत हुआ और 85 हजार क्विंटल बीज प्रमाणित किया गया। बीज प्रमाणीकरण संस्था के टैग्स पर 2डी क्यूआर कोड का उपयोग किया जा रहा है। किसी भी एन्ड्रॉयड फोन से इसे स्कैन किया जा सकता है। स्कैन करने पर प्रमाणित बीज लॉट के लिए जारी प्रमाण-पत्र खुल जायेगा, जिसमें बीज लॉट की समस्त जानकारी उपलब्ध है। फसल, किस्म, लॉट क्रमांक, टैगों की सीरीज, कुल कितने टैग जारी किये गये, पैकिंग साइज, पैकिंग मात्रा, बीज परीक्षण परिणाम, अंकुरण, भौतिक शुद्धता, अन्य फसलों, अन्य पहचान योग्य बीज, खरपतवार, नमी, किस कृषक एवं संस्था द्वारा बीज का उत्पादन किया गया और किस सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा पैकिंग एवं टैगिंग की गई, समस्त जानकारी स्कैन के माध्यम से देखी जा सकती है। केन्द्र सरकार द्वारा तैयार किये गये साथी पोर्टल पर बीजोत्पादन कार्यक्रम और बीज का ट्रेसेबिलिटी ऑथेन्टिकेशन की जानकारी ली जा सकती है। साथी पोर्टल की व े ब स ा इ ट द्बह्लह्लश्चह्य://ह्यद्गद्गस्रह्लह्लड्डष्द्ग.द्दश1



भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें।



## इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस

देश के किसी भी राज्य की पुलिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा किसी आरोपी को नोटिस नहीं भेज सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाते हुए पुलिस को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 41ए (भारतीय सुरक्षा संहिता की धारा35) को लेकर आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकारों को स्थाई आदेश जारी करने का आदेश दिया। उन्हें सीआरपीसी या बीएनएसएस के तहत सेवा के निर्धारित तरीकों के माध्यम से ही नोटिस जारी करने को कहा। हरियाणा के डीजीपी के आदेश में कहा गया था कि सीआरपीसी की धारा 41ए व बीएनएसएस की धारा35 के तहत नोटिस भौतिक रूप से या वाट्सएप, एसएमएस, ई-मेल व किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तामील कराये जा सकते हैं। सबसे बड़ी अदलात अपने एक फैसले में व्हाट्सएप के जरिए दिए नोटिस को पहले ही गलत बता चुकी है। वास्तव में व्यक्तिगत रूप से नोटिस देने में कई दफा पुलिस असफल रहती है। आरोपी तक उसकी पहुंच न हो या वह पकड़ न आ रहा हो तो नोटिस देने में उसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। कई दफा पुलिस नोटिस रिहाइस में चिपकाकर इतिश्री करने की रस्म निभाती नजर आती है। आधुनिक तकनीकि और संचार माध्यमों के उपयोग को दर-किनार करना अब अव्यावहारिक नहीं ठहराया जा सकता। आज जब अपराधियों की धर-पकड़ में उनकी लोकेशन का खुलासा करने में फोन और नेट-वर्क सबसे बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस न देने का निर्णय पुलिस के अधिकारों को सीमित करने सरीखा है। आधुनिक तकनीकि व प्रौद्योगिकी को रोजमर्रा के जीवन में आसानियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रयोग किए जाने में कोई हर्ज नहीं।

# कांग्रेस के बाद क्षेत्रीय दलों में भी पतन का दौर

देश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का उभार और कांग्रेस सहित कई क्षेत्रीय दलों का पतन काफी कुछ कहता है। भले ही हार से बौखलाए मोदी और बीजेपी विरोधी नेता चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहे हों ? सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात करते हों ? लेकिन ऐसा नहीं है कि विरोधियों को अपनी राजनैतिक कमजोरी और सियासी अपरिपक्वता का अहसास नहीं है,लेकिन बार-बार पराजित हो रहे यह नेता सच्चाई स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। जबकि सच्चाई यह है कि बीजेपी को छोड़कर देश की किसी भी राजनैतिक दल में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही नहीं है। इसमें देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सहित बहुजन समाज पार्टी,समाजवादी पार्टी,राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल,उद्धव ठाकरे की शिवसेना,शरद पवार की एनसीपी, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की लम्बी चौड़ी लिस्ट हैं। अब इसमें नया नाम कट्टर ईमानरदार 'आम आदमी पार्टी' का भी जुड़ गया है।

हालांकि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हार के लिये अभी तक ईवीएम मशीन या सरकारी मशीनरी पर किसी तरह की धांधली का आरोप नहीं लगाया है,जबकि उसी समय उत्तर प्रदेश में अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर मिली जबर्दस्त हार के बाद समाजवादी पार्टी का प्रलाप लगातार जारी है। ऐसा ही प्रलाप कांग्रेस अध्यक्ष खरगे,नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सहित उनकी पार्टी के तमाम नेता भी करते रहते हैं। हालात यह है कि हार से बौखला कर मोदी विरोधी नेता उन्हें(मोदी) और बीजेपी को ही नहीं चुनाव आयोग,सीबीआई,ईडी जैसी एजेंसियों के खिलाफ भी भड़ास निकालते रहते हैं। यह नेता मोदी को नीचा दिखाने के लिये देश की छवि भी खराब करने से नहीं चूकते हैं। इसमें विदेश से पढ़ाई करके आने वाले टेक्नोटेक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आईआरएस रह चुके अरविंद केजरीवाल जैसे पढ़े लिखे नेता शामिल हैं तो बिहार में लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव भी आरोप-प्रत्यारोप वाली सियासत से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने अपनी आभा को एकदम मटियामेट कर दिया है. जो केजरीवाल 12 साल पहले यूथ आइकॉन बनकर उभरे थे, वे अब धूल में लथपथ पड़े हैं. विधान सभा में 'दिल्ली का मालिक मैं हूँ' जैसे अहंकारी बयान देने वाले और हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर अपनी फजीहत करा चुके अरविंद केजरीवाल दिल्ली जैसे आधे-अधूरे राज्य का मुख्यमंत्री रहने के बाद प्रधानमंत्री का ख्वाब देखने लगे थे मगर अब वे विधायकी भी गंवा बैठे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, कि अरविंद जिस तेजी से राजनीति में चमके थे उसी तत्परता से औंधे मुंह जा गिरे। अब उनका कोई भविष्य नहीं है और इसकी वजह है उनका बड़बोलापन और भरोसे की राजनीति न करना एवं उनकी अवसरवादिता। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से अधिक भद्द राहुल गांधी की पिटी है। पिछले कई चुनावों से दिल्ली में शून्य सीटों का रिकॉर्ड राहुल गांधी और कांग्रेस के नाम दर्ज है।

अरविंद केजरीवाल की तरह ही नेताजी मुलायम सिंह यादव की राजनैतिक विरासत संभाले हुए अखिलेश यादव की है। 2012 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने अपनी जगह अपने बेटे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया था,जबकि अनुभव के नाम पर अखिलेश खाली हाथ थे। इसके बाद अखिलेश यादव अपने दम पर भले ही राजनीति में कुछ खास नहीं कर पाये हों,लेकिन उनके बड़बोलेपन और अपनी हार का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ने की महारथ के चलते खूब नाम कमा रहे हैं।विवादित बयानबाजी की बात की जाये तो अखिलेश यादव अपने अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद को अयोध्या का नया राजा कहकर प्रभु श्रीराम और उनके भक्तों का उपहास उड़ाने के चक्कर में खुद फजीहत करा बैठते हैं। उन्हें ट्रॉफी की तरह अपने साथ लेकर घूमते थे,लेकिन मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद अखिलेश अपने होश खो बैठे हैं। सपा नेता हार से इतना बौखला गये हैं कि पार्टी के महासचिव प्रो रामगोपाल यादव तो यूपी के सरकारी अधिकारियों को ही नसीहत देने लगे हैं कि वह मुख्यमंत्री योगी जी का आदेश सुनने की बजाये उन्हें नसीहत दें। अखिलेश यादव से लेकर शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव हताशा में डूबते जा रहे हैं। रामगोपाल तो अयोध्या में रामलला के मंदिर को भी बेकार कह चुके हैं। सपा के तमाम नेता महाकुंभ में कथित अव्यवस्था को लेकर भी लगातार सीएम पर हमलावर हैं,लेकिन इससे समाजवादी पार्टी को हासिल क्या हो रहा है,यह प्रश्न चिन्ह बना हुआ है।क्योंकि समाजवादी पार्टी का पीडीए पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। मिल्कीपुर में तो सपा को यादवों तक का वोट नहीं मिला।

## अपराधियों पर नकेल

डॉ. एस.के. मिश्र

भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के लिए आपराधिक मामलों में इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए विशेष रूप से भारतपोल पोर्टल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लॉन्च किया गया है।

यह पोर्टल भारत में आपराधिक घटनाओं के वांछित भगोड़ों के विरुद्ध %लाल' तथा अन्य रंग कोडित नोटिस जारी करने के अनुरोधों को सुगम बनाता है। केंद्रीय अन्वेषण व्यूरो (सीबीआई) द्वारा बनाए गए इस पोर्टल की महत्त्वपूर्ण विशेषता रीयल टाइम इंटरफेस है।

अभी तक इंटरपोल के साथ काम करने वाली एकमात्र एजेंसी सीबीआई होती थी किंतु भारतपोल लॉन्च होने से हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन (इंटरपोल) के साथ जुड़ सकेंगी। पोर्टल और तीन नये आपराधिक कानून विदेश भागे अपराधियों को पकडने का मजबूत माध्यम सिद्ध हो सकेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल वास्तविक समय पर सूचना साझा करने और अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहायता तक तेजी के साथ पहुंच को सक्षम करके केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों और राज्यों की पुलिस के बीच इस प्रकार से समन्वय स्थापित करेगा कि अपराधी की तलाश एवं वापसी की प्रक्रिया और भी सुगम हो जाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि नया पोर्टल केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों को इंटरपोल में 195 सदस्य देशों से अपने मामलों की सीधे तौर पर जानकारी साझा करने और उनसे जानकारी प्राप्त करने की अनुमति देगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में संपन्न सीबीआई के अलंकरण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में %भारतपोल' की शुरुआत के साथ भारत अंतरराष्ट्रीय जांच में नये युग की शुरुआत कर रहा है।

## संस्कृत के खिलाफ जहर उगलने वाले दयानिधि मारन को पता होना चाहिए कि द्रविड़ भी संस्कृत शब्द है

द्रमुक नेताओं को यह भी समझना होगा कि तमिल गौरव की बात करने भर से काम नहीं चलेगा। यह देखना होगा कि तमिल गौरव बढ़ाने का काम सबसे ज्यादा किसने किया है। द्रमुक नेताओं को देखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तविक तमिल गौरव को बरकरार रखा है।

तमिलनाडु में सत्तारुढ़ द्रमुक के नेता लगातार सनातन धर्म का अपमान करते रहे हैं। इस पार्टी के नेता सड़क से लेकर संसद तक कभी हिंदुत्व के खिलाफ बोलते हैं तो कभी उत्तर बनाम दक्षिण की राजनीति करने लगते हैं। यही नहीं, इसी पार्टी के एक नेता ने तो मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के सामने ही अलगाववादी बयान देते हुए %अलग तमिलनाडु% की मांग के बारे में विचार करने तक की बात कह डाली थी। द्रमुक की इस नफरत भरी राजनीति को आगे बढ़ाने का काम अब पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन ने किया है। उन्होंने संसद के भीतर चिल्ला चिल्ला कर और जिस आवेश में संस्कृत भाषा पर हमला बोला उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया क्योंकि दुनिया की सबसे प्राचीन और हर भाषा की जननी माने जाने वाली संस्कृत के खिलाफ ऐसी नफरत पहले किसी नेता ने नहीं उगली थी। हालांकि जैसे ही मारन ने यह हमला किया वैसे ही लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मारन पर तगड़ा पलटवार कर दिया था। वैसे यह हैरानी भरी बात है कि अपनी द्रविड़ पहचान बताने वाली अधिकांश द्रविड़ पार्टियाँ यह नहीं जानतीं कि द्रविड़ तमिल शब्द नहीं है। यह एक संस्कृत शब्द है जिसकी अंग्रेजों द्वारा गलत व्याख्या %बांटो और राज करो% की नीति के तहत की गयी थी।

द्रमुक नेताओं को यह भी समझना होगा कि तमिल गौरव की बात करने भर से काम नहीं चलेगा। यह देखना होगा कि तमिल गौरव बढ़ाने का काम सबसे ज्यादा किसने किया है। द्रमुक नेताओं को देखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तविक तमिल गौरव को बरकरार रखा है। उन्होंने नए संसद भवन में तमिल सेनगोल स्थापित किया और भारत मंडपम के सामने नटराज की प्रतिमा (भगवान शंकर की नटराज प्रतिमा, जो महान चोल राजाओं द्वारा निर्मित तंजावुर में मिली) स्थापित की। देखा जाये तो राष्ट्रीय स्तर पर तमिल गौरव को इससे अधिक मान्यता पहले कभी नहीं मिली थी। लेकिन इन पार्टियों को तमिल सांस्कृतिक गौरव में कोई दिलचस्पी नहीं है, वे तो बस राजनीतिक विभाजन में अधिक रुचि रखते हैं।

संस्कृत पर होने वाले खर्च को पैसे की बर्बादी बताने वाले दयानिधि मारन को पता होना चाहिए कि भारत की सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत है। यह एक ऐसी भाषा भी है जिससे असंख्य भाषाएँ निकली हैं। यही नहीं आज के आधुनिक दौर में भी लगभग हर क्षेत्र में संस्कृत की प्रासंगिकता पूरी तरह बनी हुई है। संस्कृत को भाषाओं की जननी भी कहा जाता है। इस जननी ने सिर्फ भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी भाषाओं को जन्मा है। देश में तो कुछ राज्यों की यह आधिकारिक भाषा भी है। भारत के प्राचीन ग्रंथ और वेद पुराण आदि सभी संस्कृत में ही लिखे गये हैं। महाभारत काल में भी वैदिक संस्कृत का उपयोग किया जाता था।

## कुंभ संक्रांति पर ऐसे दें भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य, नोट करें पूजा का मुहूर्त

हिंदू धर्म के शास्त्रों में कुंभ संक्रांति को एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण दिन माना गया है। यह दिन भगवान सूर्य को समर्पित है। इस दिन भगवान सूर्य कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। कुंभ संक्रांति के अवसर पर भगवान सूर्य की पूजा और उपासना का विशेष महत्व है, और इस दिन व्रत भी रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कुंभ संक्रांति के दिन भगवान सूर्य की पूजा करने और उन्हें अर्घ्य अर्पित करने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। भगवान सूर्य की कृपा से व्यक्ति को स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है, जिससे जीवन में खुशहाली और करियर में सफलता बनी रहती है। इस दिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देते समय कुछ विशेष नियमों का पालन करना आवश्यक है। सूर्य देव मकर राशि से निकलकर कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। हिंदू पंचांग के मुताबिक यह परिवर्तन रात 10-03 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 12 फरवरी 2025 को मनाई जा रही है।

## संबंधों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता

सोनम लववंशी

तेलंगाना में पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति द्वारा अपनी पत्नी माधवी की हत्या और उसके शव के साथ की गई बर्बरता ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल एक जघन्य अपराध की कहानी है, बल्कि समाज में व्याप्त हिंसा की प्रवृत्ति, रिश्तों में बढ़ती असंवेदनशीलता और मानसिक विकृति का भी प्रमाण है। इस वारदात ने श्रद्धा वालकर की हत्या की यादें ताजा कर दी हैं, जहां उसके कथित प्रेमी ने उसे मार कर शव के टुकड़े कर दिए थे। ऐसी घटनाएं समाज के भीतर गहरी पैठ बना चुकी क्रूरता और रिश्तों में बढ़ती दरारों को उजागर करती हैं। गुरु मूर्ति ने अपनी पत्नी को मारने के बाद उसके शव को टुकड़ों में काट कर कुकर में उबालने और फिर झील में फेंकने जैसा अमानवीय कृत्य किया। यह किसी साधारण अपराध की श्रेणी में नहीं आता। यह घटना हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और मानसिक अस्थिरता को दर्शाती है। रिश्तों में असहमति होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह असहमति हिंसा का रूप ले लेती है, तो यह समाज के लिए गंभीर चेतावनी बन जाती है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर, ऐसा क्या हो गया है कि रिश्ते अब हिंसा और हत्या की ओर बढ़ रहे हैं। पति-पत्नी के बीच संबंधों को निजी मामला माना जाता है, लेकिन क्या इन संबंधों में मानवता और संवेदनशीलता पूरी तरह खत्म हो चुकी है? गुरुमूर्ति और माधवी के बीच झगड़े पहले भी होते रहे होंगे, लेकिन इन झगड़ों ने हिंसा का ऐसा स्वरूप ले लिया जो किसी भी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है। जहां यह दंपति रहता था, वहां के पड़ोसियों को भी इस बात की भनक तक नहीं लगी। यह समाज में बढ़ती एकाकी प्रवृत्ति और पड़ोसियों के बीच संवादहीनता को उजागर करता है। क्या हम इतने आत्मकेंद्रित हो चुके हैं कि हमारे आसपास क्या हो रहा है, इसकी हमें कोई परवाह नहीं? यह घटना केवल एक अपराध नहीं है, बल्कि समाज के लिए दर्पण भी है, जिसमें हमारी सामूहिक संवेदनहीनता साफ झलकती है। रिश्तों में विश्वास की कमी और संवादहीनता ऐसी घटनाओं की मुख्य वजह बन रही हैं। घरेलू हिंसा के मामले दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए केवल कड़े कानून पर्याप्त नहीं हैं। इन घटनाओं के पीछे छिपे मानसिक और सामाजिक कारणों को समझना और उनका समाधान खोजना भी जरूरी है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने रिश्तों को सही तरीके से संभाल पा रहे हैं। अगर किसी रिश्ते में समस्या है, तो उसका समाधान संवाद और परामर्श के माध्यम से निकाला जा सकता है।

## हनुमान की पूजा से शत्रुओं से बचाव, मानसिक शांति और दुखों से मिलती है मुक्ति

हनुमान जी, जिन्हें बजरंगबली, महावीर, पवन पुत्र और अनजनी कुमार जैसे अनेक नामों से पूजा जाता है, हिन्दू धर्म के प्रमुख देवताओं में से एक हैं। वे भगवान राम के परम भक्त और महाभारत के काल से पहले के महान योद्धा के रूप में जाने जाते हैं। हनुमान जी की उपासना का विशेष महत्व है, क्योंकि वे शक्ति, साहस, भक्ति और आत्मबलिदान के प्रतीक हैं। उनका व्यक्तित्व अद्वितीय है और उनके बारे में सुनाई जाने वाली कथाएँ हमें जीवन में संघर्ष और कर्तव्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा देती हैं। हनुमान जी का जन्म राजा केसरी और रानी अनजनी के यहाँ हुआ था। माना जाता है कि उनकी माता अनजनी एक बार भगवान शिव की पूजा कर रही थीं, तब भगवान शिव ने उन्हें एक वरदान दिया कि वे उनके पुत्र के रूप में जन्म लेंगे। हनुमान जी के जन्म के समय पवन देव ने भी उनकी रक्षा का वचन लिया, इसलिए हनुमान जी को पवन पुत्र भी कहा जाता है।

उनके जन्म के समय ही यह बात स्पष्ट हो गई थी कि वे विशेष शक्तियों के मालिक होंगे। वे बाल्यावस्था में ही अपनी असाधारण शक्तियों का प्रदर्शन करने लगे थे, जैसे आकाश में उड़ना और विभिन्न रूपों को धारण करना।

## आखिर दिल्ली में क्यों ढ़हा 'आप' का किला?

दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का किला बुरी तरह ढ़ह गया है। आतिशी को छोड़कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थी जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है। 27 साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार कुल 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी और अब 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के लिए नाक का बहुत बड़ा सवाल था लेकिन भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई?

दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने, दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसा बनाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जैसे जो तीन प्रमुख वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे एक दशक में भी पूरे नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह इत्यादि पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनकी गिरफ्तारी ने पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को कमजोर किया। इन घटनाओं ने पार्टी की स्वच्छ राजनीति के दावे पर सवाल खड़े किए और जनता के विश्वास को कमजोर किया। खासतौर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और बाद में उनके इस्तीफे के कारण पार्टी के नेतृत्व में अस्थिरता आई और केजरीवाल की विश्वसनीयता में बड़ी कमी आई। केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए थे लेकिन शीशमहल के मुद्दे पर वे स्वयं 'वीआईपी कल्चर' के मुद्दे पर बुरी तरह घिर गए थे, भाजपा-कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आप को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो ली ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली।

पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में बड़ा योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढ़ांचे में कमजोरी आई। इसके अलावा नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं में मुफ्त सेवाओं की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति' कहकर आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बताया। इसके अलावा, इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में आई समस्याओं ने जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई, जिससे 'आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढ़ांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढ़ेर जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी थी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि वह सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी।

विपक्ष और खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा भाजपा का मुखर प्रचार आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना। भाजपा ने आप सरकार की तमाम कमजोरियों को उजागर करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थी लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन नहीं होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका, जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने के फैसले ने आप की रणनीतिक कमजोरी को उजागर किया और विपक्षी एकता की कमी का स्पष्ट संकेत दिया।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज दिन भर आपकी एनर्जी भरपूर बनी रहेगी और विपरीत परिस्थितियों में भी आप समस्या का हल निकालने में सक्षम रहेंगे।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अगर मन में किसी बात को लेकर कुछ नकारात्मक विचार उठ रहे हैं तो उन पर काबू पाने का प्रयास करेंगे और सफल भी होंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर पैतृक संपत्ति संबंधी मामला अटका हुआ है तो आपसी तालमेल से सुलझाने की कोशिश करेंगे। कहीं पैसा उधार दिया हुआ है या रुका हुआ है तो वापस मिलने के योग बन रहे हैं।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार के साथ चल रही अनबन को सुधारने में आप की विशेष भूमिका रहेगी, सभी लोग आपकी बात मानेंगे।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज प्रॉपर्टी संबंधी समस्या का समाधान निकालने के लिए अच्छा समय है, अनुभवी लोगों का सपोर्ट मिलेगा। सावधानी और आत्मविश्वास द्वारा अधिकतर काम सुचारु रूप से संपन्न हो जाएंगे।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी न किसी कार्य को लेकर चल रही व्यस्तता आपको थका देगी, परंतु इस मेहनत का परिणाम बेहतर मिलने से राहत मिलेगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप जिस काम को पूरा करने की ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान अवश्य रहेगा, इससे संपर्क दायरा बढ़ेगा

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती है, लेकिन साथी और कर्मचारियों की मदद से समस्या हल हो जाएगी।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से चल रहे खर्चो को व्यवस्थित करने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने आसपास की स्थिति को सकारात्मक नजरिए से समझेंगे इससे आप और प्रभावशाली होंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने दृढ़ निश्चय और मेहनत से किसी विशेष काम को पूरा करने में सफलता हासिल करेंगे। आज किसी भी स्थिति में ज्यादा न उलझे और अपने गुस्से पर काबू रखें।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। जीवन में आपको जो सफलता अभी तक प्राप्त हुई हैं, उनकी वजह से स्थिरता मिलेगी।



पटना। उपमुख्यमंत्री-सह-वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने देश की पहली महिला वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के कटाक्ष की निंदा करते हुए कहा कि पिछले 10 साल से केंद्रीय सत्ता से बाहर रहने के बाद भी गांधी परिवार लोकतंत्र की सच्चाई को स्वीकार नहीं कर पाया। उनकी रस्सी जल गई पर ऐंठन बाकी है।



# भारत के टुकड़े-टुकड़े करने के लिए खर्च किए गए करोड़ों रुपए', बीजेपी सांसद के आरोप से हड़कंप

नई दिल्ली (आरएनएस)। झारखंड के गोड्डा लोकसभा सीट से सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को संसद में यूएसएआईडी द्वारा गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी से जुड़े ट्रस्टों को फंडिंग देने के मामले को उठाया। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले में जांच की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के सांसदों ने जमकर नारेबाजी की।

निशिकांत दुबे ने कहा कि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूएसएआईडी को पूरी तरह से बंद कर दिया है। उन्होंने इसके पीछे का कारण बताया कि यूएसएआईडी वर्षों से केवल विभिन्न सरकारों को गिराने के लिए पैसा खर्च करती रही है और भारत के लिए इसके आंकड़े बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संसद में सरकार और विपक्ष से कई सवाल पूछे। दुबे ने प्रमुखता से पूछा कि क्या यूएसएआईडी ने ओपन सोसाइटी फाउंडेशन और जॉर्ज सोरोस को भारत में राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट को पैसे दिए थे, ताकि देश को कमजोर किया जा सके? उन्होंने यह भी पूछा कि क्या ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को यूएसएआईडी से पैसा मिला था?

इसके अलावा, उन्होंने बांग्लादेश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार माने जाने वाले बांग्लादेश के प्रमुख युनुस से गांधी परिवार के संबंधों पर सवाल किया। उन्होंने राजीव गांधी फाउंडेशन के विजय महाजन और उनकी संस्थाओं को यूएसएआईडी द्वारा पैसे दिए जाने का सवाल भी उठाया। उन्होंने सवाल किया कि क्या यूएसएआईडी ने 'रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट' को वित्तीय सहायता दी है, जो जातिगत जनगणना की बात करता है और क्या यह ट्रस्ट भारत को तोड़ने के लिए काम कर रहा है? उन्होंने कहा कि इसी संगठन ने तालिबान को पैसा दिया और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के समय नेपाल में हिंदू राष्ट्र को खत्म करने के लिए पैसा दिया था। भारत में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ाने के लिए इसी संगठन से पैसा मिलता रहा है और कांग्रेस को उससे मदद मिल रही है। इस संगठन ने देश में विभिन्न देशविरोधी गतिविधियों के लिए पैसा दिया है। सांसद ने आगे कहा कि ह्यूमन राइट्स लॉ, शेरपा, कोऑर्डिनेशन ऑफ डेमोक्रेटिक राइट्स ऑर्गेनाइजेशन, राइट ऑफ फूड कैम्पेन, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च, इकोनॉमिस्ट और कई अन्य संस्थाएं यूएसएआईडी से पैसे प्राप्त करती हैं, जो कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार के साथ मिलकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने अंत में सरकार से आग्रह किया कि इस मामले की पूरी जांच हो और यह पता लगाया जाए कि पिछले वर्षों में यूएसएआईडी ने किन-किन संस्थाओं और ट्रस्टों को पैसा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जबसे अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (ख्रुष्ठ) पर लगाम लगाया है, उसके बाद ही पूरी दुनिया में तहलका मचा है। पहले ट्रंप ने दावा किया है कि हंगरी-अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के संगठनों को अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (ख्रुष्ठ) से 260 मिलियन डॉलर यानी 26 करोड़ डॉलर मिले हैं। ट्रंप का आरोप है कि सोरोस ने इस पैसे का इस्तेमाल भारत और बांग्लादेश समेत कई देशों में अस्थिरता फैलाने और राजनीतिक मामलों को प्रभावित करने के लिए किया। अब इस मामले को भारत के संसद में उठाया गया है। बता दें कि यूएसएआईडी की स्थापना 1961 में राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी के प्रशासन के तहत की गई थी और यह अमेरिकी सरकार की मानवीय शाखा है। यह गरीबी को कम करने, बीमारियों का इलाज करने, अकाल और प्राकृतिक आपदाओं में राहत और मदद के लिए दुनिया भर में सालाना अरबों डॉलर वितरित करती है।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में मातृकुंडिया में भगवान शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की।



कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने वायनाड के एरानाड के सुल्लामुस्सलाम कॉलेज ऑडिटोरियम अरेकोड में यूडीएफ के बूथ स्तर के नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की।

## आम आदमी पार्टी पिछले दस साल से दिल्ली की जनता से झूठे वादे कर रही थी : नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आम आदमी पार्टी की हार की वजह उन झूठे वादों को बताया जो केजरीवाल ने जनता से किए थे।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पिछले 10 सालों तक दिल्ली की जनता से झूठे वादे कर उन्हें अपने झांसे में लेती रही, लेकिन जब जनता इनके इरादों से वाकिफ हो गई, तो इन्हें अंत में सत्ता से बेदखल होना पड़ा।

मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि दिल्ली में भाजपा को मिली जनता ने केंद्र सरकार की कल्याणकारी नीतियों और '2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र' बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री के विचारों पर अपनी सहमति की मुहर लगाई है। इसके साथ ही भाजपा नेता ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने सबसे ज्यादा दिल्ली की जनता को परेशान किया है, तो वो निश्चित तौर पर अरविंद केजरीवाल ही हैं, लेकिन जब लोगों ने इनके नापाक इरादों को समझ लिया, तो इन्हें सत्ता से बेदखल करके ही दम लिया।

उन्होंने केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा, वो अब 'आम' आदमी नहीं, बल्कि पिछले 10 सालों में वो 'खास' आदमी हो चुके हैं। लेकिन, जब वो खास आदमी बने, तो लोगों ने उन्हें नकार दिया, क्योंकि ऐसा करके अरविंद केजरीवाल अपनी सुविधाओं को बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे, जो कि दिल्ली की जनता को बिल्कुल रास नहीं आई।भाजपा नेता ने कहा, केजरीवाल की हठधर्मिता की वजह से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिल्ली की जनता को नहीं मिल रहा था। उन्होंने आयुष्मान योजना को दिल्ली में लागू नहीं करने को लेकर भी आप संयोजक पर निशाना साधा।卐

उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में आयुष्मान योजना को लागू नहीं होने दिया। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से गरीब लोगों का 5 लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार का प्रावधान है, जो केंद्र सरकार लेकर आई थी, लेकिन केजरीवाल ने इसे दिल्ली में लागू नहीं होने दिया। ऐसा करके इस सरकार ने दिल्ली की जनता को जनकल्याणकारी योजना से वंचित रखा। लेकिन, अब मोदी जी दिल्ली की जनता को पांच लाख नहीं, बल्कि दस लाख रुपये का लाभ देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों का उत्थान करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने शराब नीति को लेकर भी केजरीवाल पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि शराब नीति केजरीवाल की सबसे अच्छी नीति थी। उन्हें तो सामने आकर यह बताना चाहिए कि अब तक उन्होंने दिल्ली की जनता को कितनी शराब बेची। केजरीवाल ने पानी की जगह शराब देने का काम किया। वहीं, हरियाणा में होने वाले नगर निकाय को लेकर बैठक हुई। इस पर भी मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान अपनी बातें रखीं।

## शिव शक्ति प्वाइंट : चंद्रयान-3 लैंडिंग साइट 3.7 अरब वर्ष पुरानी, वैज्ञानिकों का चौंकाने वाला दावा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने 2023 में चंद्रमा के शिव शक्ति प्वाइंट पर ऐतिहासिक लैंडिंग की थी। अब, वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण खोज की घोषणा करते हुए बताया है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर स्थित यह सतह लगभग 3.7 अरब वर्ष पुरानी है।

यह अध्ययन, जिसमें उच्च-रिज़ॉल्यूशन रिमोट सेंसिंग डेटासेट का उपयोग किया गया, बेंगलुरु स्थित इसरो के इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स सिस्टम सेंटर, अहमदाबाद की फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी और चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा किया गया था। टीम ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट, शिव शक्ति प्वाइंट का विस्तृत मानचित्र तैयार किया।

अध्ययन के अनुसार, लैंडिंग साइट को तीन मुख्य भागों में विभाजित किया जा सकता है- उच्च-रिलीफ रग्ड एरिया, स्मूथ प्लेन्स और लो-रिलीफ स्मूथ प्लेन्स। भू-राजनीतिक मानचित्र में इन क्षेत्रों को दर्शाया गया है। साइंस डायरेक्ट जर्नल में प्रकाशित एक शोध पत्र में टीम ने अनुमान लगाया कि लैंडिंग साइट 3.7 अरब वर्ष पुरानी है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि यह वही अवधि है जब पृथ्वी पर सबसे पहले माइक्रोबियल जीवन का विकास हुआ था।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान बड़े हनुमान मंदिर में उपहार मिला.

## इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस के पास न कोई परंपरा न कोई स्वभाव है : मुख्तार अब्बास नकवी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को दिल्ली में कहा कि इंडिया गठबंधन में आपस में टकराव हो रहा है, यही वजह है कि हर जगह इनकी हार होती जा रही है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि जब तक गठबंधन का सियासी सूपड़ा क्यों साफ हो रहा है उसकी जड़ तक नहीं जाएंगे, तब तक ये लेख लिखते व पढ़ते रहेंगे और इनका सफाया होता रहेगा। भाजपा नेता ने आगे कहा कि वास्तविकता यह है कि इस गठबंधन का नेतृत्व करने वाली पार्टी कांग्रेस के पास न तो इसके लिए परंपरा है और न ही स्वभाव। यही कारण है कि एक के बाद एक सहयोगी दल गठबंधन से खुद को अलग कर रहे हैं। जब गठबंधन का नेतृत्व करने वाली पार्टी संपत्ति की बजाय बोझ बन जाती है, जब वह ताकत की बजाय समस्या बन जाती है तो यही परिणाम होता है। दूसरी बात यह है कि वे अपना पूरा दिन मोदी जी को कोसने में बिताते हैं, सुबह से रात तक उनके बारे में झूठ फैलाते हैं। कम से कम उन्हें उनसे कुछ तो सीखना चाहिए।

अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के अंदर मेन्यू में बीफ का भी प्रावधान आया था कि उसमें आप बीफ को भी ऑर्डर कर सकते हैं।

## प्रयागराज महाकुंभ में भाजपा सरकार की विफलता पर कड़ी प्रतिक्रिया-अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में हो रही असुविधाओं और श्रद्धालुओं की परेशानियों को लेकर भा.ज.पा. सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालु महाकुंभ में आने-जाने के दौरान जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, वह भा.ज.पा. सरकार की नाकामी को उजागर करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को महाकुंभ में हुई भगदड़ और दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिवारों को 50-50 लाख रूपये का मुआवजा देना चाहिए।अखिलेश यादव ने महाकुंभ में यातायात व्यवस्था की खस्ता हालत को लेकर चिंता व्यक्त की और कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के रास्तों पर लाखों लोग घंटों तक जाम में फंसे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के लिए विशेष स्थान नहीं है, लोगों की देखभाल का कोई इंतजाम नहीं है, और मोबाइल की बैटरियां खत्म हो जाने के कारण श्रद्धालुओं का संपर्क टूट गया है, जिससे स्थिति और भी चिंताजनक हो रही है।यादव ने कहा कि प्रशासन और सरकार की नाकामी के कारण किसी भी जिम्मेदार मंत्री या व्यक्ति का कहीं पता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख मंत्री पूरी तरह से नदारद हैं, जबकि सिर्फ सिपाही और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं।उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश में वाहनों को टोल-फ्री किया जाना चाहिए, ताकि यात्रा की बाधाएं कम हो सकें और जाम की समस्या हल हो सके। साथ ही, भा.ज.पा. के नेताओं पर आरोप लगाया कि वे श्रद्धालुओं को ही दोष दे रहे हैं, जबकि सरकार की व्यवस्था ही दोषपूर्ण है।

## महाराष्ट्र : सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे से उनके घर पर की मुलाकात

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे से उनके आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद देवेंद्र फडणवीस की राज ठाकरे से यह पहली मुलाकात है।

हालांकि, यह पता नहीं चला है कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई? ऐसी संभावना है कि राज ठाकरे और भाजपा स्थानीय चुनाव में साथ आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा विधान परिषद के सदस्य प्रसाद लाड के मुताबिक, राज ठाकरे ने सीएम फडणवीस को मुंबई के दादर इलाके में शिवाजी पार्क के पास स्थित अपने आवास पर आमंत्रित किया था। हालांकि, लाड ने इस मुलाकात के संबंध में और कोई जानकारी नहीं दी। ज्ञात हो कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद राज ठाकरे ने भी ईवीएम पर सवाल उठाया था। जबकि, उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन दिया था।



इंफाल में कानून और व्यवस्था की अशांति की आशंकाओं के बीच थौबल में एक पुलिस स्टेशन में लूटपाट के बाद मणिपुर में प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जिसके चलते कंगला किले के सामने सुरक्षाकर्मी तैनात हैं।



प्रयागराज में त्रिवेणी संगम की ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से महाकुंभ स्थल के पास भारी यातायात जाम.

## दिल्ली के लोगों ने केजरीवाल की झूठी गारंटी को खारिज कर, पीएम मोदी की गारंटी को अपनाया : अनुराग ठाकुर

लखनऊ (आरएनएस)। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि दिल्ली के लोगों ने मोदी की गारंटी को अपनाया है, जबकि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की झूठी गारंटी को खारिज कर दिया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें हासिल कर निर्णायक जीत हासिल की, जबकि आप 22 सीटों पर सिमट गई।

अनुराग ठाकुर ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए आईएएनएस से कहा, मैं दिल्ली के लोगों को भाजपा को चुनने, मोदी की गारंटी को स्वीकार करने और केजरीवाल के झूठे वादों को खारिज करने के लिए धन्यवाद देता हूं। लोगों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केजरीवाल दिल्ली में सत्ता में वापस नहीं आएंगे।

आप प्रमुख पर कटाक्ष करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि केजरीवाल को अब जेल जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए। उन्होंने केजरीवाल की इस टिप्पणी का हवाला दिया कि जनता के जनादेश का मतलब उन्हें जेल हो सकता है।

उन्होंने कहा, दिल्ली के लोग जानते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने छल-कपट और कुशासन के खिलाफ वोट दिया है, जिससे यह पुख्ता होता है कि मोदी की गारंटी ही सब कुछ है।

केजरीवाल के राजनीतिक सफर की तीखी आलोचना करते हुए ठाकुर ने कहा, उनकी राजनीति अन्ना हजारे के चेहरे का इस्तेमाल करके शुरू हुई, लेकिन बाद में उन्हें किनारे कर दिया गया। उन्होंने एक पार्टी बनाई और उसके संस्थापक सदस्यों को निकाल दिया। सरकार बनाने के बाद उन्होंने अपने ही मंत्रियों को हटा दिया।

उन्होंने कहा, उन्हें आतिशी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाना था, लेकिन बाद में उन्होंने प्रचार के दौरान उन्हें किनारे करने की कोशिश की। दूसरों को हटाने की कोशिश में केजरीवाल आखिरकार खुद ही विफल हो गए।

भाजपा ने उत्तर प्रदेश में मिल्कीपुर उपचुनाव में भी जीत हासिल की, जहां उसके उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान ने समाजवादी पार्टी के अजीत प्रसाद को 60 हजार से अधिक मतों से हराया। जीत पर टिप्पणी करते हुए ठाकुर ने कहा, कुछ लोग जिन्होंने कभी राम भक्तों पर गोली चलाने का आदेश दिया था, वे अब खुद को अयोध्या का राजा बताने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों ने अब यह स्पष्ट कर दिया है कि अयोध्या का असली राजा कौन है।



स्टैंड-अप समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट पर रणवीर अल्लाहबादिया की आपत्तिजनक टिप्पणी पर बवाल मच गया है। शिकायत दर्ज होने से लेकर गंभीर ट्रोलिंग तक, समय, रणवीर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा जांच के घेरे में हैं। इस विवाद के बीच बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बताते नजर आ रहे हैं कि उन्होंने इस शो का हिस्सा न बनने का फैसला क्यों किया।

# आलिया-कैटरीना, श्रद्धा और यामी के साथ नॉमिनेट होना सपना सच होने जैसाः नितांशी गोयल



किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' में अपने किरदार 'फूल' से लोगों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री नितांशी गोयल को आईफा में सर्वश्रेष्ठ मुख्य भूमिका (महिला) पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। अभिनेत्री का मानना है कि आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, यामी गौतम और श्रद्धा कपूर जैसे नामों के साथ नॉमिनेट होना सपना सच होने जैसा है। नितांशी ने कहा, यह नॉमिनेशन मेरी कल्पना से परे है। मैं इस सम्मान के लिए जूरी की वास्तव में आभारी हूं और ऐसे अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ लिस्ट में शामिल किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं, जिन्हें मैं वर्षों से देखती आई हूं।

अभिनेत्री ने कहा, किसी भी चीज से ज्यादा मैं दर्शकों से मिले प्यार और प्रोत्साहन के लिए बहुत आभारी हूं। हर संदेश और हर बार जब कोई मुझे पहचानता है, यह सब मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

उन्होंने कहा, आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, श्रद्धा कपूर और यामी गौतम के साथ नॉमिनेट होना पहले से ही एक सपना सच होने जैसा है और मैं इस पल के लिए यूनिवर्स के प्रति अपना आभार व्यक्त कर सकती हूं।

किरण राव के निर्देशन में बनी 'लापता लेडीज' को पिछले साल ऑस्कर 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया और प्रस्तुत किया गया था। 'लापता लेडीज' दो दुल्हनों की ताकत की कहानी को बखूबी पर्दे पर उतारती है। दोनों ट्रेन में अपने परिवार से अलग हो जाती हैं, दोनों के दूल्हे अलग-अलग होते हैं। गलतफहमी और खास मैसेज के साथ फिल्म की कहानी को पर्दे पर बखूबी उतारा गया है।

'लापता लेडीज' आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी है, जिसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है।

पटकथा और संवाद स्नेहा देसाई ने लिखा, जबकि अतिरिक्त संवाद दिव्यनिधि शर्मा ने तैयार किया है।

**बॉक्स ऑफिस पर स्काई फोर्स की कमाई की रफ्तार धीमी, 14वें दिन का कारोबार जानिए**

अक्षय कुमार वीर पहाड़िया की फिल्म स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर आधा महीना पूरा कर लिया है. 24 जनवरी को रिलीज हुई फिल्म बंपर ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन के बाद धीरे-धीरे कंपटीशन की वजह से ऑडियंस पर कम पकड़ बना पा रही है.स्काई फोर्स ने पहले हफ्ते में 99.70 करोड़ रुपये का बढ़िया कलेक्शन किया. इसके बाद के वीकेंड में 19.80 करोड़ रुपये कमाकर फिल्म ने 10 दिन में ही 119.50 करोड़ रुपये का बंपर कलेक्शन कर लिया.

## प्राइम वीडियो ने ओरिजिनल सीरीज ग्राम चिकित्सालय की शुरू की शूटिंग, सेट से आई तस्वीरें

भारत के सबसे पसंदीदा एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी ओरिजिनल सीरीज़ ग्राम चिकित्सालय की शूटिंग शुरू होने की घोषणा की. यह सीरीज़ द वायरल फीवर द्वारा निर्मित की जा रही है, जो अपनी कई पुरस्कार विजेता और दर्शकों की पसंदीदा वेब सीरीज़ के लिए मशहूर है. यह कॉमेडी-ड्रामा हास्य और भावनाओं से भरपूर एक दिलचस्प कहानी पेश करेगा.

इस सीरीज़ में अमोल पाराशर, आनंदेश्वर द्विवेदी, आकाश मखीजा, गरीमा विक्रांत सिंह, विनय पाठक और आकांक्षा रंजन कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे. ग्राम चिकित्सालय एक मनोरंजक कहानी है, जो एक शहर के डॉक्टर की यात्रा को दर्शाती है,

# थाई स्लिट ड्रेस पहनकर मोनालिसा ने इंटरनेट पर लगाई आग, लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर हुई वायरल

भोजपुरी से टीवी इंडस्ट्री तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही कहर बरपाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छाने लगता है। साथ ही फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने दो डोरी पर टिका बैकलेस गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट एंड ग्लैमरस नजर आ रही हैं।



कानों में इयररिंग्स और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। ग्रीन कलर का रिवीलिंग गाउन पहने हुए एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

## वर्धन पुरी और कावेरी कपूर स्टारर बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी का ट्रेलर आउट

दिवंगत अभिनेता अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी और शेखर कपूर की बेटी कावेरी कपूर की अपकमिंग मूवी 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' के ट्रेलर को निर्माताओं ने शनिवार को जारी कर दिया है। वर्धन और कावेरी स्टारर यह फिल्म जुनून, रोमांस के साथ खूबसूरत कहानी को पेश करती है।

'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' फिल्म कैम्ब्रिज की पृष्ठभूमि पर आधारित है और बॉबी (कावेरी कपूर) और ऋषि (वर्धन पुरी) की खूबसूरत कहानी को दिखाती है, जिसमें कई मुश्किलें, संयोग, प्रेम और कई विचार भी हैं।

फिल्म के बारे में बात करते हुए वर्धन पुरी ने कहा, मैं हमेशा से कुणाल सर की फिल्मों का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं और हमेशा से उनके साथ काम करने की इच्छा रखता था। मुझे खुशी है कि 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' में यह इच्छा पूरी हुई।

उन्होंने आगे बताया, मुझे याद है कि मैंने हम तुम को इसके रिलीज के दौरान छह बार देखा था और यह फिल्म मुझे आज भी आकर्षित करती है, जो दिखाता है कि उनका निर्देशन और विजन कितना प्रासंगिक और शानदार है। मैं इस तरह की मजेदार फिल्म का हिस्सा बनकर खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं, जिसने मुझे प्यार की ताकत के बारे में बहुत कुछ सिखाया। अभिनेता ने फिल्म में अपनी को-स्टार कावेरी के साथ काम करने पर भी बात की। उन्होंने कहा, कावेरी के साथ स्क्रीन शेयर करने का मेरा अनुभव शानदार रहा। वह अपने काम के प्रति ईमानदार हैं और उसमें अतिरिक्त प्रयास करने के लिए तैयार रहती हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारी फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी और डिज्नी प्लस हॉटस्टार के जरिए आपके घरों तक पहुंचेगी। 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' फिल्म का निर्देशन कुणाल कोहली ने किया है। कोहली मुझसे दोस्ती करोगे, हम तुम और हिचकी एंड हुकअप्स जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

## एयरटेल ने किया नोकिया के साथ 5G फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस डिवाइसेज़ के विस्तार के लिए अनुबंध, जिससे पूरे देश में हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली- भारती एयरटेल ने पूरे भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 5त्र फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और वाई-फाई सलयूशन के विस्तार हेतु नोकिया और क्वालकॉम के साथ एक अनुबंध किया है। इस समझौते के तहत, नोकिया एयरटेल को अपने 5त्र फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस आउटडोर गेटवे रिसीवर और वाई-फाई 6 एक्सेस पॉइंट की आपूर्ति करेगा, जो क्वालकॉम मॉडेम-क्रन्न और वाई-फाई 6 चिपसेट्स पर आधारित होंगे। इस पहल का उद्देश्य उन क्षेत्रों में बेहतर ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करना है, जहां फाइबर कनेक्टिविटी या तो सीमित है या उसे लागू करना चुनौतीपूर्ण है। भारत में फाइबर कनेक्टिविटी की सीमित पहुंच और डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग के कारण, 5त्र नेटवर्क के माध्यम से फिक्स्ड वायरलेस ब्रॉडबैंड एक्सेस का उपयोग एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है।एयरटेल नोकिया के फ़ास्टमाइल 5त्र आउटडोर रिसीवर का उपयोग करेगा, जो मल्टी-ड्वेलिंग यूनिट्स (बहु-आवासीय भवनों) के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं और एक साथ दो घरों को सेवा देने में सक्षम हैं। इससे कनेक्शन लागत में कमी आएगी। ये रिसीवर्स हाई-गेन एंटेना से लैस हैं, जो लंबी दूरी तक ब्रॉडबैंड एक्सेस में सुधार करते हैं और रेडियो संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करते हैं। इसके अलावा, फ़ास्टमाइल 5त्र आउटडोर रिसीवर में पावर-ओवर-ईथरनेट तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे इसे दीवारों, बालकनी या खंभों पर आसानी से इंस्टॉल किया जा सकता है। एयरटेल घरों में बेहतरीन इंटरनेट का अनुभव सुनिश्चित करने के लिए नोकिया के वाई-फाई 6 एक्सेस पॉइंट का उपयोग करेगा। यह समाधान स्मार्ट मेश क्षमताओं और स्व-ऑप्टिमाइज़िंग नेटवर्क फीचर्स के साथ आता है, जिससे ग्राहकों को अपने पूरे घर में एक शानदार ब्रॉडबैंड अनुभव प्राप्त होगा।

# स्टार ऑटोमोबाइल्स में महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजन एसयूवी BE 6 और XEV 9E की ग्रैंड लांचिंग



जबलपुर वासियों के लिए शानदार खबर। महिंद्रा BE 6 और XEV 9E का भव्य लॉन्च इवेंट 12 फरवरी 2025 को स्टार ऑटोमोबाइल्स एम.पी. लिमिटेड, नागपुर रोड, त्रिपुरी चौक, गढ़ा, जबलपुर में आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक लॉन्च इवेंट में शामिल होकर नई इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी का अनुभव लोगों ने किया। लॉन्चिंग में 100 कस्टमर ने फ्री बुकिंग में रुचि दिखाई उल्लेखनीय है कि गाड़ियों की बुकिंग 14 फरवरी से प्रारंभ होगी। लॉन्चिंग कार्यक्रम में विधायक नीरज सिंह, विधायक अभिलाष पांडे, स्टार ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर दुष्यंत सिंह व रेवत सिंह, गीतांजलि सिंह, आरटीओ जितेंद्र रघुवंशी एक्स जस्टिस एस.के. पालो, सीईओ ललित किशोर, जनरल मैनेजर शैलेंद्र पांडेय विशेष रूप से मौजूद रहे। महिंद्रा से एएसएम निहित खरे, एएसएम श्रीकांत राय, ट्रेनर वैभव गोरे, ट्रेनर राहुल पटेल की मौजूदगी रही।

महिंद्रा ङ्कश्वङ्क 9श्व और क्चश्व 6 की प्रमुख विशेषताओं में

विज़न ङ्ग हेड्स-अप डिस्प्ले, इन्फिनिटी रूफ और लाइट अप मी इल्यूमिनेटेड रूफ, सोनिक स्टूडियो बाय एक्सपीरियंस महिंद्रा जिसमें 16 स्पीकर हरमन कार्डन और डॉल्बी एटमॉस शामिल हैं।

इसमें लाइव योर मूड फीचर जिसमें कैल्म, क्लब और कोज़ी जैसे मोड्स,

मल्टी ड्राइव मोड्स जिसमें रेस, रेंज, एवरीडे और स्नो जैसे विकल्प,

ॅ४ष्ठ्रस् लेवल 2++ जिसमें पांच रडार और एक विजन कैमरा,

आई डेंटिटी फीचर जो ड्राइवर की थकान और उनींदापन का पता लगाता है,

सिक्योर 360ए सराउंड व्यू कैमरा,

ऑटो पार्क सुविधा जिसमें पार्क इन और पार्क आउट जैसी उन्नत तकनीक दी गई हैं।

इसके अलावा, यह 500 किलोमीटर की रियल वर्ल्ड रेंज प्रदान करता है जिसमें 79 किलोवाट बैटरी पैक शामिल है और इसकी सुपर फास्ट चार्जिंग तकनीक 20 प्रतिशत से 80 प्रतिशत चार्ज मात्र 20 मिनट में पूरी करती है जो 175 किलोवाट डीसी चार्जर द्वारा संभव है। बैटरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे 21 सेफ्टी टेस्ट पास करवाए गए हैं।

इसकी शानदार परफॉर्मेंस 210 किलोवाट पावर और 380 न्यूटन मीटर टॉर्क के साथ आती है, जो इसे 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की गति केवल 6.8 सेकंड में पहुँचाने में सक्षम बनाती है।

स्मार्ट ड्राइविंग डायनामिक्स में इंटेलिजेंट अडैप्टिव सस्पेंशन, हाई पावर स्टीयरिंग और ब्रेक-बाय-वायर टेक्नोलॉजी शामिल हैं। लॉन्चिंग में स्टार ऑटोमोबाइल्स परिवार के अमित राज अवस्थी, सागर झा ,अलका दीक्षित,आलोक झा, अंकित दुबे, हरेंद्र पटेल, विमलेश सिंह, विनय डेहरिया, दिलीप गुप्ता, आशीष पटेल, रितिक प्यासी, राहुल कोष्ठा, संस्कार पांडे, वंदनी विश्वकर्मा, मनीष झारिया, संध्या ठाकुर, सुबोध यादव, प्रीतेश वर्मा, मनीष अवस्थी, नरपत सिंह, अनिल पटेल, स्वतंत्र परोहा व शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## जीवन साझा करने पर ही अच्छा बनता है- एलजी इंडिया ने भारतभर में रक्तदान अभियान का किया विस्तार

नई दिल्ली,- स्त्र इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया अपनी मेगा रक्तदान अभियान के तीसरे संस्करण को लॉन्च करने के लिए तैयार है, जो जीवन अच्छा होता है जब जीवन साझा किया जाता है के मूल संदेश के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस पहल का उद्देश्य समुदायों, विशेष रूप से युवाओं को संगठित करना है और 70 शहरों में 400 रक्तदान शिविरों का आयोजन करना है।वर्ष 2019 और 2023 में, स्त्र इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने सफलतापूर्वक लगभग 188 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया, जिसके माध्यम से 17,700 से अधिक पंजीकरण हुए। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, 2025 के अभियान का लक्ष्य 30,000 पंजीकरण प्राप्त करना है। प्रत्येक शिविर में रक्तदाताओं को आवश्यक चिकित्सा जांच, जलपान और प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे, ताकि एक सहज और प्रेरक रक्तदान अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। केयर टूडे फंड, यूनाईटेड वे मुंबई और सक्षम भारती फाउंडेशन जैसे विश्वसनीय साझेदारों के साथ सहयोग करते हुए स्त्र भारत में स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को मजबूत बनाने का प्रयास कर रहा है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए स्त्र इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एमडी, श्री होंग जू जियोन ने कहा, हम सार्थक हस्तक्षेप के साथ ष्टस्क्र कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेगा रक्तदान अभियान का यह तीसरा संस्करण हमारे इस संकल्प का प्रतिबिंब है कि लोगों के लिए %लाइफ्स गुड% बनाया जाए। हमारा उद्देश्य समुदायों को सक्रिय रूप से भाग लेने और इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना है, जो हमारे मूल संदेश जीवन साझा करने पर ही अच्छा बनता है के साथ जुड़ा हुआ है। स्थलीय रक्तदान शिविरों के अतिरिक्त, स्त्र इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया पूरे देश में रेडियो और डिजिटल मीडिया के माध्यम से नागरिक जन जागरूकता अभियान चलाएगा।

**10 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त किए; 6 छात्रों ने 98 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त किए**

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, जबलपुर के 10 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 ( सत्र 1 ) में प्राप्त किए 99 पर्सेंटाइल अंक



जबलपुर- परीक्षा तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 (सत्र 1) में असाधारण उपलब्धि की घोषणा की है।। जबलपुर के 10 छात्रों ने परीक्षा के पहले सत्र में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वहीं 6 छात्रों ने 98 प्र पर्सेंटाइल से ऊपर अंक हासिल किए हैं।

शीर्ष प्राप्तकर्ताओं में देव कौरव 99.98 पर्सेंटाइल, आदित्य तिवारी 99.93 पर्सेंटाइल, प्रांजल राठौर 99.92 पर्सेंटाइल, अश्विन कुमार मिश्रा 99.84 पर्सेंटाइल, शाश्वत मिश्रा 99.69 पर्सेंटाइल और श्रेयांशु मिश्रा 99.56 पर्सेंटाइल शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि श्रेयांशु मिश्रा ने इस परीक्षा में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर एक बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है।

यह परिणाम देश की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में छात्रों की मेहनत और अकादमिक उत्कृष्टता को उजागर करते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 11 फरवरी को परिणामों की घोषणा की, जो इस साल के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरुआत का संकेत है।

इन छात्रों में से अधिकांश ने आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में भाग लिया था, जिसका उद्देश्य उन्हें प्रतिष्ठित जेईई परीक्षा में सफलता दिलाना था, जिसे दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। छात्रों को उनकी सफलता पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड, श्री डॉ. एच.आर. राव ने बधाई दी। उन्होंने कहा, हम जेईई मेन्स 2025 में अपने छात्रों की शानदार सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी मेहनत और संकल्प, आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग के साथ मिलकर इन बेहतरीन परिणामों को संभव बना पाया है। आकाश में, हम ऐसे पाठ्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करते हैं। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरणों के लिए उन्हें शुभकामनाएँ देते हैं। जेईई (मेन) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को अपने अंक सुधारने के कई मौके मिलते हैं। जबकि जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश का अवसर प्रदान करता है,

## INDIAWOOD 2025- लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

दिल्ली - उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, INDIA-WOOD 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर (ढ्ढश्वरू), ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। ह्लद्दद्बह्यठ्ठद्दह्लद्दस्द्दह्यद्द के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है।

INDIAWOOD 2025 की 25 साल की धरोहर- स्थानीय प्रदर्शन से वैश्विक प्रभाव तक अपनी स्थापना से, ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है।

## शब्द सामर्थ्य -322


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीड़ा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।





**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 321 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| बा | | त | म | त्रा | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 68 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 7 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 8 गैरम्यादी, 36 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 13 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 347 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 21 लीटर कच्ची शराब, जप्त की

# संत शिरोमणि रविदास जी के 648वीं जयंती पर निकली शोभायात्रा का भाजपा ने किया स्वागत





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संत शिरोमणि रविदास जी के 648वीं जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर के नेतृत्व में बादशा हलवाई मंदिर के पास मंच लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने शोभायात्रा में सम्मिलित संत रविदास जी की प्रतिमाओं का पूजन अर्चन कर शामिल जनों का स्वागत किया। इस अवसर पर राममूर्ति मिश्रा, पंकज दुबे, रजनीश यादव, संदीप जैन, जय सचदेवा, मालती चौधरी, कौशल सूरी, सोनू बचवानी, राजेंद्र सूर्यवंशी, राजेंद्र चौधरी, शारदा कुशवाहा, संतोष यादव, सुरेश पांडे, श्रीकांत साहू, रवि शर्मा के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अपनी ही राशि निकालने के लिए देनी पड़ रही दक्षिणा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघ जिला शाखा के अनुसार सभी विभागों में कार्यरत /पदस्थ लोकसेवकों को अपने विभागीय कार्यों जैसे पदोन्नति, क्रमोन्नति इत्यादि लगवाने के लिए चढ़ोतरी चढ़ानी पड़ रही है। इसी प्रकार लोकसेवकों को एरियर्स की राशि निकालने या जी पी एफ से राशि निकालने के लिए भी दक्षिणा देनी पड़ रही है।

मध्यप्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघ के अनुसार इस कार्य में शिक्षा विभाग और ट्रेजरी अव्वल है यहाँ पर तो नीचे से ऊपर तक बिना लेनदेन के बिना चढ़ोतरी के कोई भी काम नहीं होता है।बड़े अफ़सोस की बात है कि जब लोकसेवक रिटायर होता है तो स्वयं के विभाग में पराया हो जाता है बिना चढ़ावे के उसे पेंशन मिलना असंभव है। हालात ऐसे हो गये कि टूटपुझंजिये नेता दलाली कर रहे है। हर जगह परसेंटज फिक्स है। ये धंधा अमर बेल से भी तेज फल फूल रहा है।

मध्यप्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघ के दिलीप सिंह ठाकुर,धर्मेंद्र परिहार,राशिद अली,नितिन तिवारी,भास्कर गुप्ता,ऋषि पाठक, दुर्गेश खातरकर, जी आर झारिया,आकाश भील, महेश प्रसाद मेहरा, भोजराज विश्वकर्मा,गंगाराम साहू, भोगीराम चौकसे, चंद्रभान साहू, अंजनी उपाध्याय, सुधीर गौर,अजब सिंह, सुल्तान सिंह, देवराज सिंह, इमरत सेन, लोचन सिंह, रामकिशोर इपाचे, रामदयाल उइके, मनोज कोल, पवन सोयाम, पुष्पा रघुवंशी,रेनू बुनकर, कल्पना ठाकुर, ब्रजवती आर्मो,पूर्णिमा बेन, सुमिता इंगले, प्रेमवती सोयाम इत्यादि ने श्रीमान सक्षम अधिकारी से मांग की है, कि लोकसेवकों की गाढ़ी मेहनत की कमाई में सेंध लगाने वाले बिचौलियों पर रोक लगाने तथा भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान में सहायक बनने का अभिनव प्रयास करें।

# डॉ राजेन्द्र कुररिया जी ने ग्रहण किया कुलगुरु का पदभार




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। डॉ राजेंद्र कुररिया प्राध्यापक भौतिकी शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर ने अवधेश प्रताप सिंह विवि रीवा के कुलगुरु पद को मंगलवार को ग्रहण किया. डॉ राजेंद्र रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय के कुलसचिव भी रह चुके है. इसके साथ ही मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद् के सदस्य हैं इसके साथ ही मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के सदस्य है. उन्होंने पूर्व कुलगुरू डॉ राजकुमार आचार्य जी से पदभार ग्रहण किया इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद विवि के कुलाधिपति डॉ अजय तिवारी जी , कुलसचिव डॉ सुरेंद्र परिहार जी, हितकारिणी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेश पांडेय, प्राचार्य मेकलसूत् डॉ बिहारी लाल डॉ सुखदेव बाजपेई विभाग अध्यक्ष संस्कृत स्वामी विवेकानंद विवि सागर, डॉ राम प्रकाश चौबे प्राचार्य ज्ञान गंगा ला कालेज,धर्मेंद्र कुशवाहा संचालक डी एन पब्लिक स्कूल डॉ राजीव तिवारी उपस्थित रहे. डॉ राजेंद्र जी ने इस अवसर पर विवि को और आगे प्रगति पथ पर ले जाने का संकल्प लिया विवि में नये रोजगारउन्मुख कोर्स और रिसर्च नवाचार आरंभ करने की बात कही उन्होंने कहा कि आचार्य जी द्वारा प्रांरभ किए गए प्रकल्प को मूर्त रूप देना और नये आयाम स्थपित करना यही ध्येय और उद्धेश्य लेकर कार्य करेंगे. विवि को आत्मनिर्भर करना भी एक संकल्प है.

**तीन माह में रिकार्ड 531 कोल रैक बिना डेमरेज चुकाए हुए अनलोड**

# श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना खंडवा ने कोयला अनलोडिंग करने का कीर्तिमान रचा





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ;खंडवाद्ध में कोल रैक से कोयला अनलोडिंग करने का नया कीर्तिमान रचा गया। कोयले की सतत उपलब्धता के लिए समय से रैक खाली किए जाने का महत्वपूर्ण योगदान होता है। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में कोल हस्तांतरण विभाग ;सीएचपीद्ध.1 व 2 द्वारा 9 दिसंबर 2024 से 11 फरवरी 2025 की अवधि? में कुल 531 कोल रैक को रेलवे की निर्धारित अवधि? में अनलोड किया गया। यह तीन माह की अवधि? में अभी तक का अधि?कतम कोल रैक बिना डेमरेज चार्ज के खाली करने का रिकार्ड है। इससे पूर्व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में वर्ष 2023 में 22 जनवरी 2023 से 4 अप्रैल 2023 की अवधि? में कुल 505 कोल रैक डेमरेज का भुगतान किए बिना अनलोड किए गए थे। पांच घंटे प्रति रैक को अनलोड करना जरूरी.उल्लेखनीय है कि रेलवे द्वारा श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना हेतु पांच घंटे प्रति रैक का समय निर्धारित है। निर्धारित समय से ज्यादा समय लगने पर रेलवे द्वारा 9 हजार रूपए प्रति घंटे के हिसाब से विलंब शुल्क ;डेमरेज चार्जद्ध अधिरोपित किया जाता है। कोल रैक आने पर इन्हें समयावधि में खाली करना जटिल कार्य हैए इस कार्य को सफलतापूर्वक करने के लिए संपूर्ण प्रणाली व उपकरणों की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करनी होती है। निर्धारित समय से कम समय में रैक खाली होने से रेलवे को कोल परिवहन हेतु रैक उपलब्धता बढ़ जाती है। परियोजना के अभियंताओं के कार्मिकों के सतत् प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। कैसे अनलोड हुए कोल रैक.श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के कोल हस्तांतरण विभाग ;सीएचपीद्ध द्वारा सुनियोजित तरीके से कार्य करते हुए दिसंबर 2024 में कुल 185 रैकए जनवरी 2025 में 252 रैक व फरवरी 2025 में 11 तारीख तक कुल 94 रैक अनलोड किए गए। ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई.इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमरए अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह हर्ष व्यक्त करते हुए श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना डोंगलिया के समस्त अभि?यंताओं व कार्मिकों को बधाई दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना में भविष्य में इसी प्रकार के उत्कृष्ट कार्य क्रियान्वित होने के साथ नए कीर्तिमान बनेंगे।

# 463 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट से निकली नशा मुक्ति का लिया संकल्प





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर प्रत्येक माह की पूर्णिमा को हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में हाथों में भागवा ध्वज लिए परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में माघ पूर्णिमा पर 463 वी परिक्रमा संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ सुरेंद्र स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज स्वामी शीला मुनि उदासीन स्वामी प्रकाशनंद महाराज महेश बाबा फक्कड़ बाबा सुषमा गोस्वामी शरद अग्रवाल के सानिध्य में संकीर्तन करते हुए निकाली गई जो आश्रम से पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार होते हुए लमहेटा घाट नाव पार करके शनि मंदिर डुडवारा इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट में नाव पार कर हरे कृष्णा आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ

सभी भक्तों को आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज ने बद्रीनाथ धाम से पूजीत गोमती चक्र का वितरण किया सभी कल्पवासियों को आश्रम की ओर से प्रमाण पत्र देकर अभिनंदन किया एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिव शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान सुरेश विश्वकर्मा विशाल पंड्या गुड्डू नेता सेवक राम दहिया आदि उपस्थित थे

# माघी पूर्णिमा के अवसर महाकुंभ मेले के शुभ अवसर पर त्रिवेणी संगम का जल प्रसाद वितरण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाकुंभ मेले के पावन अवसर पर प्रयागराज में जगद्गुरु सुकनंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य जी ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर अमृत जल प्राप्त किया। इस दिव्य जल को भक्तों के कल्याण एवं आशीर्वाद स्वरूप जल प्रसाद के रूप में आज गुरू जी के द्वारा निवास स्थान से वितरित किया गया। जगद्गुरु जी के द्वारा यह विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया गया है कि यह अमृत जल का प्रसाद जबलपुर के हर एक शासनिक प्रशासनिक हर एक जनप्रतिनिधि और जबलपुर की हर वह जनता जो कुंभ नहीं पहुंच पा रही है वहां तक उनके शिष्यों के द्वारा पहुंचने का कार्य किया जाएगा और साथ ही यह निवेदन भी है कि जिन व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाता है वह आश्रम में आकर अमृत जल का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं इस पुण्य अवसर पर जबलपुर संस्कारधानी के श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थितरहे।सभी ने महाकुंभ के इस महायोग में सम्मिलित होकर त्रिवेणी संगम के जल प्रसाद का लाभ उठाएँ और धर्म, अध्यात्म एवं संस्कारों को आत्मसात किया। यह पावन प्रसंग अधिक से अधिक श्रद्धालुओं तक पहुँचे, यही हमारा उद्देश्य है। अमृत जल प्रसाद वितरण की इस बेला में क्षेत्रीय पार्षद राघवेंद्र उर्फ लालू भैया,रघु तिवारी, पंकज तिवारी, दीपांशु सिंह, अमन शिवारे ,चीकू अवस्थी शांतनु, नयन पटेल एवं अनेक भक्तगण उपस्थित रहे

# 43 वीं तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन 16 फरवरी को 65 वर्ष से अधिक आयु के बाहरी प्रतिभागी भी भाग ले सकेंगे

जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 43 वीं तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 16 फरवरी को किया गया है। यह प्रतियोगिता प्रात- 6.30 बजे रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान से शुरू होगी। 60 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी विशेष रूप से आमंत्रित-तेज चाल प्रतियोगिता में बिजली कंपनियों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों के अलावा उनके पति-पत्नी, माता-पिता, सास-श्वसुर भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के महिला-पुरूषों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है और इन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने पर सम्मिानत किया जाएगा। प्रतियोगिता में 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बाहरी महिला व पुरूष प्रतिभागियों को भी भाग लेने का अवसर दिया गया है। 13 वर्गो में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे-तेज चाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरूष व महिला प्रतिभागियों के लिए 21 वर्ष से 75 वर्ष तक की आयु समूह में कुल दस वर्ग बनाए गए हैं। सुरक्षा विभाग एवं खिलाड़ियों के लिए पृथक से तीन वर्ग बनाए गए हैं। सभी 13 वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# परीक्षा पर चर्चा को लेकर केवी वन में रहा उत्साह का माहौल

**छात्र-छात्राओं की जिज्ञासा का हुआ समाधान**



तालिब हुसैन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।. परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के 8 वां संस्करण विधार्थियों के लिए यादगार रहा. पीएम श्री केन्द्रीय विधालय क्र. 1 जीसीएफ में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन को लेकर विधार्थियों में खासा उत्साह नजर आया. उन्होंने परीक्षा पर चर्चा के मंच से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समधान किया. हज़ारों विद्यार्थियों ने बड़ी स्क्रीन के माध्यम से इस कार्यक्रम का लाईव देखा. इससे पूर्व प्राचार्य रजनीश कुमार सिंघई ने इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके महत्त्व पर प्रकाश डाला. विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी से खुल कर सवाल पूछे और परीक्षा के दौरान अपनी मानसिक स्थिति के बारे में बात की. प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दबाव से निपटने के नायाब सुझाव दिए . शिक्षक

आनन्द स्वरूप ने बताया कि

दसवीं तथा बारहवीं बोर्ड के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम का विशेष लाभ लिया.विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ बड़ी तादात में अभिभावक उपस्थित रहे व इस सार्थक आयोजन से लाभान्वित हुए.

## श्रीमती कमला बाई रजक का स्वर्गवास



जबलपुर- अत्यंत दुख साथ सूचित करना पड़ रहा है सुजीपुरा निवासी स्व श्री मूलचंद रजक की धर्मपत्नी एवम अमित रजक राजू की माता जी श्रीमती कमला बाई रजक जी स्वर्गवास हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा दिनाक 13/02/2025 को सुबह 9.30 बजे करिया पाथर मुक्ति धाम के लिये प्रस्थान हुई।

# मनाया गया संत रविदास जन्मोत्सव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संत रविदास युवा विचार मंच एवं वॉक एंड क्लीन परिवार द्वारा गुरुदेव के जन्मोत्सव के अंतर्गत उनका पूजन अर्चन ,वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गुरुदेव के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर विचार संगोष्ठी तथा विशाल समरसता भोज का आयोजन महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू के मुख्यातिथ्य, शिक्षाविद् प्रोफेसर पी. एल. अहिरवार की अध्यक्षता तथा गढ़ा रामलीला समिति के संयोजक अशोक मनोध्या, पूर्व आईएएस विजय आनंद कुरील,ज्योतिषाचार्य डॉ .अशोक मिश्रा, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर व पूर्व अध्यक्ष जी. एस. ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के संयोजक एड.अरविंद दुबे ने कार्यक्रम के उद्देश्य और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने संत रविदास जी को सनातन परम्परा का महानतम संत निरूपित करते हुए उनके विचारों को आत्मसात् करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर समाजसेवी किशन चौधरी,पत्रकार लाली कोष्टा,तथा कर्मचारी नेता अतुल मिश्रा को सम्मानित किया गया। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता अमित सिंह, समाजसेवी डॉ. एच. पी. तिवारी, कमलेश तिवारी, डी. सी. अहिरवार तथा के. के. शुक्ला ने भी संत रविदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संयोजक एड.अरविंद दुबे, मदन दुबे,नीलू चौधरी, विवेक अहिरवार,प्रकाश अवस्थी,तेजस्वी पांडे, अशोक साहू, सिद्धार्थ शुक्ला, रत्नेश मिश्रा, पार्षद शेखर सोनी,मुकेश चतुर्वेदी,शेखर साहू,अखिलेश साहू, राम सोंधिया,राम पटेल,दीपक ठाकुर,राहुल शुक्ला,रविता विश्वकर्मा, राजेंद्र तिवारी, दीपक सेन, किशोर चढ़ार,पप्पी चौधरी, प्रदीप पटेल,राहुल सिंह,संजय तिवारी व विकल खटीक सहित बड़ी संख्या में संत रविदास के अनुयाई व धर्मप्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मदन दुबे ने तथा आभार प्रदर्शन रत्नेश मिश्रा ने किया।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना माढ़ोताल में राकेश चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी प्रभात नगर गली नम्बर 1 माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज रात्रि अपने परिवार के साथ घर मे सो रहा था रात लगभग 1-15 बजे मोहल्ले का कपिल गिरानिया, राहुल गिरानिया, धनराज गिरानिया आये और उसके घर के बाहर जोर जोर से चिल्लाने लगे तो वह उठकर बाहर आया कपिल उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो राहुल गिरानिया, धनराज गिरानिया उसके साथ गाली गलोज करने लगे,

# माढ़ोताल में हुई लाखों की चोरी- सीसीटीवी में कैद हुए सात चोर

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। मारपीट, चोरी, अवैध हथियार लेकर घूमने जैसे संगीन अपराधों में लिप्त 8 नाबालिग लड़के 4 फरवरी की तड़के चौकीदार को गंभीर घायल कर गोकलपुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से छत के सहारे फरार हो गए। हालांकि तीन दिन बाद जबलपुर पुलिस ने एक नाबालिग को बरगी के पास से हिरासत में ले लिया, पर 7 लड़के अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। बाल संप्रेक्षण से फरार होने के बाद पुलिस टीम लगातार उन्हें तलाश रही है।

इस बीच जबलपुर के माढ़ोताल क्षेत्र का एक वीडियो 8 दिन बाद 12 फरवरी को सामने आया है, जिसमें एक घर में घुसकर सात लड़कों ने चोरी को अंजाम दिया है। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में तस्वीर कैद हुई है। आशंका जताई जा रही है, कि ये वहीं लड़के है, जो कि बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हुए है। कस्तूरी सिटी निवासी मोहन पटेल ने बताया कि वह 5 फरवरी की सुबह अपने परिवार के साथ नरसिंहपुर गया था। समय-समय पर मोबाइल से घर पर लगे कैमरे की मदद से नजर भी बनाए हुए था। मोहन पटेल ने बताया कि रात 12 बजे तक कैमरे चालू थे, इसके बाद वह सो गया। 6 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे मोबाइल पर जैसे ही घर के कैमरे चालू किए तो, वह ऑफलाइन नजर आए। मोहन ने तुरंत ही कैमरे लगाने वाले कर्मचारी से संपर्क किया और वजह पूछी तो उन्हें बताया गया कि डीवीआर से छेड़खानी की गई है, इसलिए कैमरे बंद हो गए है।

## बाल संप्रेक्षण गृह से भागे लड़के होने की आंशका



माढ़ोताल थाना के कस्तूरी सिटी में रहने वाले मोहन पटले ने 12 फरवरी को एएसपी को सीसीटीवी फुटेज देते हुए, अशंका जताई है कि 5 और 6 फरवरी की दरमियानी रात को उसके घर में लाखों रुपए की चोरी करने वाले, संभवता वही लड़के है जो कि बाल संप्रेक्षण गृह से चौकीदार को घायल कर फरार हुए और फिर अगली ही रात को घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गए। पेशे से बिल्डर मोहन पटेल अपने परिवार के साथ एक कार्यक्रम में नरसिंहपुर गए थे, अगले दिन जब वापस घर लौटकर आए तो देखा कि सारा घर तहस-नहस पड़ा हुआ है, और अलमारी टूटी हुई है। मोहन ने पड़ोसियों को फोन कर घर जाकर देखने को कहा गया, जहां पड़ोसियों ने बताया कि घर के ताले टूटे हुए है।

घर में चोरी की जानकारी लगते ही मोहन पटेल नरसिंहपुर से जबलपुर के लिए रवाना हुए। दोपहर में घर पहुंचने के बाद उन्होंने माढ़ोताल थाना पुलिस को जानकारी दी। मौके पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट सहित डाग स्कवाड की टीम पहुंची, और देखा कि घर की अलमारी टूटी पड़ी हुई है। मोहन ने पुलिस को बताया कि करीब 10 से 12 लाख रुपए के जेवर गायब है, इसके साथ ही 1 से 2 लाख रुपए नगद वह भी चोर ले गए है। मोहन ने घर में लगे सीसीटीवी देखे तो पता चला कि डीवीआर गायब है।

मोहन पटेल ने घर के सामने लगे पड़ोसियों के कैमरे जब चेक किए तो पता चला कि छह से सात लोग थे, जिन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

**क्राइम ब्रांच और माढ़ोताल पुलिस तलाश मे जुटी**

एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि कस्तूरी सिटी निवासी मोहन पटेल ने एक लिखित मे शिकायत देते हुए बताया है कि वह 5 फरवरी को पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवार के साथ नरसिंहपुर गए थे। 6 फरवरी की सुबह पता चला कि घर में चोरी हो गई है। वापस जबलपुर आकर देखा तो जानकारी मिली की लाखों रुपए के जेवरात और नगदी लेकर चोर फरार हो गए है। पड़ोस में लगे कैमरे के सीसीटीवी फुटेज उनके द्वारा दिए गए है, चोरों की तलाश की जा रही है।

**8 में से एक पकड़ा गया-सात अभी भी फरार**

4 फरवरी को बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हुए आठ में एक लड़के को बरगी पुलिस ने 7 तारिख को उस दौरान पकड़ा जब तिलवारा मे रहने वाले दिनेश यादव ने पुलिस में शिकायत की एक लड़का उनकी अनुपस्थिति में चोरी की नियत से घर में घुसा और ढ़ाई हजार रुपए नगद सहित 28 हजार रुपए का मोबाइल लेकर फरार हो गया है।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेजे देखे तो एक लड़का गेट से कूदकर अंदर आते हुए नजर आ रहा है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को चंद घंटे में ही हिरासत में ले लिया। पूछताछ मे उसने बताया कि 4 फरवरी की तड़के सुबह अपने साथ अन्य साथियों के साथ वह बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हुआ था। शोभापुर के बाद उसके बाकी के साथी आधारताल रेलवे स्टेशन तरफ चले गए, जबकि वह पैदल ही तिलवारा आ गया।

### जबलपुर मेडिकल कॉलेज का वीडियो वायरल

# टायलेट में लगे नल के पानी से बन रहा था डॉक्टरों के लिए खाना



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में बाथरूम के कमोड के पास लगे नल के पानी से खाना पकाया जा रहा था। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो 6 फरवरी का बताया जा रहा है। वायरल हो रहे इस वीडियो को लेकर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर नवनीत सक्सेना का कहना है कि उस पानी से सिर्फ बर्तन धोए गए थे। जो वीडियो वायरल हो रहा है उसकी जानकारी ली जा रही है। मेडिकल कॉलेज में 6 फरवरी को वार्षिक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था। 6 फरवरी को मेडिकल कॉलेज के न्यू एकेडमिक ब्लॉक में वार्षिक कॉन्फ्रेंस आईएसएसपी से जुड़ा एक कार्यक्रम हुआ था। जिसमें की स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कई अधिकारी और डॉक्टर शामिल हुए थे। यहां उनके लिए खाना भी बनाया गया था। जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसे लेकर दावा किया जा रहा है कि खाना बाथरूम के लिए उपयोग किए जाने वाले पानी से बनाया गया। इस एक दिनी कांफ्रेंस में बड़ी संख्या में जिले व आसपास के ब्लॉक से डॉक्टर शामिल हुए थे। भोजन बनाने में बाथरूम के पानी के उपयोग से अनभिज्ञ इन डॉक्टरों ने भोजन भी किया और लजीज व्यंजन की तारीफ भी की। गनीमत रही कि इस दौरान किसी चिकित्सक को स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या सामने नहीं आई। जो डॉक्टर दूसरों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं और हमेशा स्वच्छ पानी के उपयोग की सलाह देते हैं।

# फूटाताल चौराहा पर दिनदहाड़े युवक को मारकर 50 हजार रुपए लूटे

### मोटर साइकल से आए थे बदमाश, सीसीटीवी में कैद हुई घटना





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर स्थित फूटाताल चौराहा हनुमानताल क्षेत्र में आज उस वक्त अफरातफरी मच गई. मोटर साइकल से पहुंचे बदमाशों ने मोहम्मद रिजवान नामक युवक पर चाकू से हमला कर 50 हजार रुपए लूट लिए. दिन दहाड़े हुई लूट की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार फूटाताल क्षेत्र में रहने वाला मोहम्मद रिजवानप शूज की दुकान में काम करता है. आज दोपहर के वक्त वसूली के 50 हजार रुपए लेकर घर जाने निकला. जब वह फूटाताल चौराहा पर पहुंचा. इस दौरान दो मोटर साइकलों से आए पांच बदमाशों ने रिजवान को घेरकर चाकुओं से हमला करना शुरु कर दिया. अचानक रिजवान पर हमला होते देख अफरातफरी मच गई. हमले में रिजवान के सिर व कमर में चोट आई, इसके बाद हमलावर 50 हजार रुपए व मोबाइल फोन लेकर भाग निकले.

स्थानीय लोगों ने रिजवान को मोटर साइकल से विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाकर पुलिस को खबर दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है. चाकू व लूट की घटना सीसीटीवी में कैद हुई, जिसके फु टेज निकालकर आरोपियों की तलाश की जा रही है. वहीं पुलिस को पूछताछ में घायल रिजवान ने बताया कि वह कई सालों से जूते की दुकान में वसूली का काम कर रहा है लेकिन आज तक ऐसी घटना नहीं हुई थी. उसने बताया कि हमलावरों में से दो को वह पहचानता हैए जिनके नाम इमरान व अदनान हैं और वे हनुमानताल क्षेत्र के निवासी हैं.

# रेलवे अधिकारी विनोद कोरी को फिर से नहीं मिला जमानत का लाभ

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। पश्चिम मध्य रेलवे कार्मिक विभाग के अधिकारी विनोद कोरी पर उनकी सहकर्मी महिला ने आरोप लगाया था कि उक्त अधिकारी ने उनके साथ दुष्कर्म किया और बाद में ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया मामले की रिपोर्ट बरेला थाने में की गई थी जिस पर बरेला पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विनोद कोरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था । विनोद कोरी द्वारा पूर्व में एक जमानत याचिका माननीय उच्च न्यायालय में दायर की गई थी जिसमें माननीय न्यायालय ने उन्हें जमानत का लाभ दिया था जमानत मिलने के बाद विनोद कोरी पर पीड़िता ने दबाव बनाने डराने धमकाने और उसका पीछा करने के आरोप लगाए गए थे और इसी आधार पर उच्च न्यायालय में जमानत याचिका निरस्त करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिस पर माननीय न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए विनोद कोरी को पूर्व में दी गई जमानत को निरस्त कर दिया था। इसके साथ ही न्यायालय ने विनोद कोरी को इस बात की स्वतंत्रता दी थी कि पीड़िता के बयान एवं परीक्षण के बाद जमानत याचिका फिर से दायर की जा सकती है इसी स्वतंत्रता का लाभ उठाते हुए विनोद कोरी द्वारा फिर से माननीय उच्च न्यायालय में एक जमानत याचिका दायर की। पीड़िता के अधिवक्ता निखिल भट्ट ने न्यायालय के सामने तर्क दिया कि चूंकि परीक्षण पूर्ण रूप से खत्म नहीं हुआ है अत: अभी विनोद कोरी को जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए ,एडवोकेट निखिल भट्ट ने न्यायालय को इस बात से भी अवगत कराया कि विनोद कोरी द्वारा पूर्व में भी जमानत पर छूटने के बाद पीड़िता को धमकाया गया था इसलिए न्याय और पीड़िता के हित में उन्हें इस स्टेज पर जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए उच्च न्यायालय ने एडवोकेट भट्ट की दलीलों से सहमत हुए विनोद कोरी को इस बार भी जमानत का लाभ देने से इनकार कर दिया।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 483/ 2024/2025 दिनांक 11.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती प्रिया पाण्डेय, पति श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय** ने भवन क्रं. एल.आई.जी.- 80/30 पिन क्र. 1000496291 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री शेख सरवर, पिता- शेख खैरती, क्षेत्रफल 452 व.फु., भूतल 300 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 385 दिनांक 12.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती पूनम विश्वकर्मा, पति- स्व. श्री नन्हू लाल विश्वकर्मा** ने मकान नं. 813/5, सम्पत्ति पिन नं. 1000486689 **वार्ड वीर सावरकर वार्ड ,** भूतल 500 व.फु., प्रथमतल 500 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 384 दिनांक 12.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अनुराग विश्वकर्मा, पिता- श्री घनश्याम विश्वकर्मा** ने मकान नं. ख.नं. 156/8, सम्पत्ति पिन नं. 1000488859 **वार्ड वीर सावरकर वार्ड ,** क्षेत्रफल 980 व.फु., भूतल 950 व.फु., प्रथमतल 950 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 383 दिनांक 11.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती शैलजा जैन, पति- श्री वीरेन्द्र जैन** ने मकान नं. 552, सम्पत्ति पिन नं. 1000504449 **वार्ड वीर सावरकर वार्ड ,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1460 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 382 दिनांक 11.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री शरद कुमार जैन, पिता- स्व. श्री दीपचंद जैन, 2. श्री संजय कुमार जैन, पिता- स्व. श्री दीपचंद जैन** ने मकान नं. 1172, सम्पत्ति पिन नं. 1000625257 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1050 व.फु., प्रथमतल 1050 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 381 दिनांक 11.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती मालती श्रीवास्तव, पति- स्व. श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, 2. श्री आशीष श्रीवास्तव, 3. श्री हरिओम श्रीवास्तव, दोनों के पिता- स्व. श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव** ने मकान नं. 2198, सम्पत्ति पिन नं. 1000498802 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल.......... व.फु., भूतल ........... व.फु., ..................., के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/295
2024-25 दिनांक 12/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000504207** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती कविता सिंह, पति- स्व. श्री विजय सिंह** के स्थान पर आवेदक **1. श्री आदर्श कटारिया, पिता श्री वासुदेव कटारिया, 2. श्री वासुदेव कटारिया, पिता- स्व. श्री जी.आर. कटारिया** ने **मकान नं. 13/2 वार्ड क्र.-14,........ वार्ड,** क्षेत्रफल 2650 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/680/ दिनांक 11.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री धनीराम, पिता- स्व. श्री मिठाई लाल** ने मकान नं. 1418 पिन नं.1000469478 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 1200 व.फु., आर.सी.सी. 200 व.फु. कमार्शियल, **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1418 पूर्व पार्षद मेवालाल बमनेल के सामने गाली में पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/679/ दिनांक 11.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रामवती कुशवाहा, पति- स्व. श्री रामसजीवन कुशवाहा** ने मकान नं. 2000/10 पिन नं.1000460680 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 129 व.फु., आर.सी.सी. 300 व.फु., **आपसी बटवारानामा ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2000/10 राजाराम किराना के पास, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/678/ दिनांक 11.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुरेश कुशवाहा, पिता- बंसत लाल कुशवाहा** ने मकान नं. 2000/9 पिन नं.1000460680 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 429 व.फु., **आपसी बटवारानामा ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2000/9 राजाराम किराना के पास, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/677/ दिनांक 11.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अमृत लाल कुशवाहा, पिता- बंसत लाल कुशवाहा** ने मकान नं. 2000/8 पिन नं.1000460680 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 429 व.फु., **आपसी बटवारानामा ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2000/8 राजाराम किराना के पास, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/676/ दिनांक 11.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रेमलाल कुशवाहा, पिता- बसंत लाल कुशवाहा** ने मकान नं. 2000/7 पिन नं.1000460680 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 429 व.फु., **आपसी बटवारानामा ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2000/7 राजाराम किराना के पास, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/671/ दिनांक 11.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुनीता बाई, पति- राजकुमार पीपड़ा** ने मकान नं. 2319/5 पिन नं.1000467409 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 100 व.फु., **नोटरी विक्रयपत्र, शपथपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2319/5 गोपाल होटल, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/675/ दिनांक 11.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुमिया चमार, पति- गोविन्द चौधरी** ने मकान नं. 5200/116/1 स पिन नं.1000460449 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 378 व.फु., **नोटरी विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 5200/116/1 स पानी की टंकी के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999